
माँ शैलपुत्री

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 03 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-44 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ तथा 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन जप्त करने का दावा किया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रमोद सिंह कुशवाह ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ की टीम ने दक्षिण दिल्ली के महरौली से चार लोगों को पकड़ा और 562 किलोग्राम से अधिक वजन की खेप जप्त की जिसकी अनुमानित कीमत 2,000 करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस ने उनके कब्जे से 40 किलोग्राम मारिजुआना भी जब्त किया, जिसकी कीमत 50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम है तथा करीब 50 लाख खुराक के बराबर है।

### एसआई-एएसआई समेत 55 पुलिसकर्मियों का तबादला

**रायपुर।** रायपुर पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। विभाग ने एसआई, एएसआई और हेड कांस्टेबल समेत 55 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, छह एसआई, 13 एएसआई, एक महिला प्रधान आरक्षक, 10 प्रधान आरक्षक और 25 आरक्षकों का तबादला किया गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आदेश जारी किया है।

### सिद्दारमैया के अनुरोध पर 14 भूखंडों का आवंटन रद्द



**बेंगलुरू।** कर्नाटक में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) आवंटन घोटाले में बुधवार को आए एक नाटकीय मोड़ में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी के अनुरोध पर 14 विवादास्पद भूखंडों का आवंटन आधिकारिक रूप से रद्द कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि मुडा ने यह आवंटन रद्द कर दिया। मुडा ने यह कदम मुख्यमंत्री की पत्नी बी एम पार्वती द्वारा विवादित भूखंडों को वापस करने के अभूतपूर्व अनुरोध के बाद उठाया है जिससे मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर भूमि आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े विवाद में नयी जान फूंकी गई है।

### गुरमीत 20 दिन के पेरोल पर जेल से रिहा



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव से तीन दिन पूर्व बुधवार को साध्वियों के यौन शोषण व पत्रकार रामचंदर छत्रपति की हत्या के मामले में सजा भुगत रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को 20 दिन के पेरोल पर रिहा किया गया। रोहतक की सुनरिया जेल में बंद गुरमीत सिंह जेल से रिहा होते ही उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित आश्रम की ओर रवाना हो गया।

# स्वच्छता अभियान ने राज्य में जनआंदोलन का लिया रूप : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**छत्तीसगढ़ में स्वच्छता पर हो रहे बेहतर कार्य, छत्तीसगढ़ को सुंदर एवं स्वच्छ बनाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य**



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को प्रोत्साहित करने हेतु 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आव्हान और स्वच्छता अभियान से हम सभी को गली-चौराहे, मोहल्ले, स्कूल, कार्यालय, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरणा मिली। स्वच्छता अभियान ने पूरे प्रदेश में जनआंदोलन का स्वरूप ले लिया है। छत्तीसगढ़ को सुंदर एवं स्वच्छ बनाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि स्वच्छता को हम सभी को अपनी आदत में शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से छत्तीसगढ़ को सुंदर एवं स्वच्छ छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प लेने का आव्हान करते हुए ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वतंत्रता के साथ ही स्वच्छता भी जरूरी है। बापू के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाथ में झाड़ू पकड़कर शुरूआत की। देश के लोग स्वच्छता अभियान में सहभागी बनें। स्वच्छता को सभी अपने आदत में शामिल करें। कार्यक्रम में उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में एवं स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थाओं और व्यक्तियों को सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें किया नमन



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने महात्मा गांधी के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि गांधी जी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। मुख्यमंत्री साय ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम में शास्त्री जी का महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर जनता का मनोबल बढ़ाया। शास्त्री जी ने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शास्त्री जी के विचार और जीवन मूल्य सदा लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

### मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार पुलिस विभाग की भर्ती में आयु सीमा में मिली 5 साल की छूट

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से सरकार द्वारा पुलिस के पदों पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया-2024 के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने का आदेश जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आयु सीमा में छूट की मांग का संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को दिए आश्वासन को पूरा करते छूट का आदेश जारी किया गया है। यह छूट सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर के पद पर नियुक्ति हेतु भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में केवल एक बार के लिए निर्धारित अधिकतम आयुसीमा में 05 वर्ष (सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी) का शिथिलीकरण करते हुए निर्धारित आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की गई है।

# न्याय यात्रा ने कांग्रेस में फूंकी जान, पायलट ने कहा- जनता के हक की लड़ाई जारी रहेगी



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा 6वें दिन सडडू से निकलकर गांधी मैदान में विशाल आमसभा में तब्दील हुई। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, सह-प्रभारी एस.ए. सम्पत, जरिता लेफतलांग, विजय जागिड़ सहित नेता पंडरी से न्याय यात्रा में शामिल हुये। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह सेवादल के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया तथा ध्वज गीत और राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत के गायन के साथ यात्रा की शुरूआत हुई। सडडू से गांधी मैदान तक 8 किमी तक सैंकड़ो स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न व्यापारिक संगठनो आम नागरिको ने यात्रा का स्वागत किया।

### जनता के हक की लड़ाई जारी रहेगी : सचिन पायलट

गांधी मैदान में आम सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि 10 महीने में क्रमवार तरीके से जो हिंसक वारदाते लगातार बढ़ी है। हर क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में बलौदाबाजार में जो हुआ, आदिवासियों के साथ, दलितो के साथ, महिलाओं के साथ, पिछड़ा वर्ग के लोगो के साथ किसानों के साथ शहरों में हिंसक वारदातों में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रदेश की सरकार झूठे आकड़े दिखाकर अपने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना चाहती है। इस न्याय यात्रा निकालने का उद्देश्य था सत्ता के नशे में चूर जो सरकार बैठी है रायपुर के अंदर उनकी निंद खोलने का काम हम करना चाहते है। जवाबदेही तय करना चाहते थे हम सदन के अंदर और सदन के बाहर एक घटना हो जाये दो घटना हो जाये लेकिन पहली बार किसी राज्य में हिंसक वारदाते होती है तो कलेक्टर, एसपी अपनी जिम्मेदारी छोड़ कर भाग रहे है। लोगो को उनके हालात में छोड़ रहे है। भाजपा की सरकार अपनी नाकामिया छुपाने के लिये कांग्रेस के लोगो को बदनाम करने के लिये कर रही है और झूठे मुकदमे लगाते है। हमारे नेता कांग्रेस के चाहे छत्तीसगढ़ के या देश के कहीं के भी नेता हो जो आवाज बुलंद करेगा उसके खिलाफ इनकम टैक्स, सीबीआई, ईडी का पूरा प्रकोप डालकर उनकी आवाज को दबाने का काम करते है।

### न्याय यात्रा का समापन नहीं विराम हुआ है : दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज विशाल आमसभा को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का मकसद छत्तीसगढ़ की जनता की हक की लड़ाई लड़े और सरकार की नाकामियो को जनता तक पहुंचाये। इस 9 महीने की सरकार ने छत्तीसगढ़ को जलने में मजबूर कर दिया और छत्तीसगढ़ को दूसरा मणीपुर बनाने जा रहा है। 9 महीने की सरकार में लगातार लूट, चोरी, हत्या, डकैती, चैन स्नैचिंग और छोटी बच्ची से लेकर माता, बहने सुरक्षित नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विशाल आमसभा को संबोधित करते हुये कहा कि इस यात्रा से भारतीय जनता पार्टी घबराई हुई है और सवाल पूछ रही है कि हमारी सरकार को 1 साल भी नहीं बीता 9 महीने हुआ है 10वां चल रहा है। भाजपा ने स्लोगन दिया कि विष्णु का सुशासन और 9 महीने में विष्णु का सुशासन तार-तार हो गया हैं। कोई क्षेत्र, शहर, गांव नहीं बचा है, जहां अपराध न बढ़े हो।

# वायु सेना का हेलीकॉप्टर आपात स्थिति में बाढ़ के पानी में उतरा

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान में लगे वायु सेवा के एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर को बुधवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण आपात स्थिति में बाढ़ के पानी में उतरना पड़ा, हालांकि चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। वायु सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया, बिहार के बाढ़ प्रभावित सीतामढ़ी सेक्टर में राहत और बचाव अभियान में लगे वायु सेवा की एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर को तकनीकी तकनीकी खराबी के कारण एहतियातन बाढ़ के पानी में उतरना पड़ा। हेलीकॉप्टर के चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और इस घटना में किसी भी तरह के जान माल का नुकसान नहीं हुआ है।

### भारत ने जतायी पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति पर चिंता

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारत ने पश्चिम एशिया में तेजी से बदलती सुरक्षा स्थिति पर चिंता व्यक्त की है और संबंधित पक्षों से संयम बरतने तथा आपसी विवाद संवाद और कूटनीति से हल करने का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां एक वक्त व्य में कहा, हम पश्चिम एशिया में बढ़ती सुरक्षा स्थिति से बेहद चिंतित हैं और सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपना आह्वान दोहराते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि संघर्ष व्यापक क्षेत्रीय आयाम न ले और इसलिए हम आग्रह करते हैं कि सभी मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल किया जाए।

### 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

एजेंसी ➤ ग्रेटर नोएडा
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा स्थित इनोवेटिव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती इस बार 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की अकादमिक निर्देशिका डा. तितिक्षा शर्मा, वित्तीय निर्देशिका ऊषा शर्मा, प्रबंध समिति के प्रमुख देवाषीष गौड़, विधि विभाग के प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय पांडे, फॉर्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ. अमरजीत सिंह, कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी की की प्राचार्या डॉ. नीति सिन्हा,रजिस्ट्रार अंजिनी झा एवं सभी विभागअध्यक्षों एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सर्वप्रथम विधि विभाग के प्राचार्य डॉक्टर मृत्युंजय पांडे ने महात्मा गांधी जी की शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को संबोधित किया और कहा ईमानदार मतभेद आम तौर पर प्रगति के स्वस्थ संकेत हैं। आजादी का कोई अर्थ नहीं है यदि इसमें गलतियां करने की आजादी शामिल न हों। उस प्रकार जिएं कि आपको कल मर जाना है। सीखें उस प्रकार जैसे आपको सदा जीवित रहना हैं। इसके बाद फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ. अमरजीत सिंह जी ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के द्वारा जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में अवगत कराया। जैसे कि इस अभियान से आम लोगों को बीमारियों से मुक्ति मिली है और दवाओं पर खर्च कम हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, 2014 की तुलना में 2019 में डायरिया से होने वाली मौतें तीन लाख कम हुई हैं।

# जयशंकर-ब्लिंकन ने पश्चिम एशिया, यूक्रेन, भारतीय उपमहाद्वीप की स्थिति पर की चर्चा

वार्ता ➤ वाशिंगटन/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ बातचीत की, उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने, पश्चिम एशिया में बढ़ती तनाव की स्थिति और भारतीय उपमहाद्वीप, हिंद-प्रशांत और यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा की। एक्स पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों ने प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बीच हुई बैठकों के साथ-साथ पिछले महीने डेलावेयर में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन का भी अनुसरण किया। उन्होंने लिखा कि आज वाशिंगटन डीसी में ब्लिंकन के साथ बातचीत करके खुशी हुई। उन्होंने कहा कि हमने डेलावेयर द्विपक्षीय और क्वाड बैठकों का अनुसरण किया। हमारी चर्चाओं में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना, पश्चिम एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप, हिंद-प्रशांत और यूक्रेन में हाल के घटनाक्रम पर भी चर्चा हुई।' उनकी बैठक से पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, मुझे कहना चाहिए कि यहां अपने दोस्त का स्वागत करके मुझे कितनी खुशी प्राप्त हुई है। मुझे लगता है कि हाल के सप्ताहों में हमने एक बार फिर अमेरिका और भारत को एकजुट करने वाली साझेदारी के पीछे की अविश्वसनीय जीवंतता और शक्ति देखी है। हमारे यहां प्रधानमंत्री मोदी थे और वास्तव में क्वाड बैठक के लिए विलमिंगटन, डेलावेयर में और राष्ट्रपति बाइडेन के साथ द्विपक्षीय बैठक भी हुई थी। ब्लिंकन ने कहा, उस मुलाकात की गर्मजोशी, रिश्ते में महत्वाकांक्षा, जिस स्तर पर है उसे हमने पहले कभी नहीं देखा है। और मुझे लगता है कि यह उस मूल्य को दर्शाता है जो दोनों देशों को साझेदारी से जोड़ते हैं, जिनमें रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों सहित कई अलग-अलग क्षेत्रों में साझेदारी, स्वच्छ ऊर्जा सहित अर्धचालक भी शामिल हैं। जिन क्षेत्रों में हमारे देश तेजी से एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं और भारत और अमेरिका दोनों के नागरिकों के लिए नए अवसर उत्पन्न कर रहे हैं, लेकिन विश्व की तुलना में ज्यादा व्यापक रूप से भी।

**भटगांव नगर पंचायत में 56.78 करोड़ लागत की जल प्रदाय योजना का काम जल्द होगा शुरू, कार्यादेश जारी**

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से भटगांव जल प्रदाय योजना का किया शिलान्यास

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी जयंती पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सूरजपुर जिले के भटगांव नगर पंचायत के लिए 56 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत की जल प्रदाय योजना का शिलान्यास किया। अमृत मिशन 2.0 के तहत स्वीकृत इस जल प्रदाय योजना का काम अगले दो वर्षों में पूर्ण होगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव बिलासपुर से नई दिल्ली और भटगांव में आयोजित कार्यक्रमों में वर्चुअली शामिल हुए। उनके साथ बिलासपुर से विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला और जिला पंचायत के अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान भी दोनों जगहों में आयोजित कार्यक्रमों से ऑनलाइन जुड़े। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन के बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भी भटगांव में मौजूद लोगों को वर्चुअली सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि इस नई जल प्रदाय योजना के प्रारंभ होने के बाद भटगांववासियों की पेयजल की समस्या दूर होगी। महान नदी के पानी को साफ कर घरों तक पहुंचाया जाएगा। योजना के पूर्ण होने के बाद भटगांव के लोगों को राष्ट्रीय मानक के अनुरूप 135 लीटर जल प्रति व्यक्ति प्रतिदिन उपलब्ध हो सकेगा। साव ने कहा कि हमने ही छत्तीसगढ़ राज्य को बनाया है और इसके विकास की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में योजना से जुड़े सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**दो एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र बनेगा, 64 किलोमीटर वितरण पाइपलाइन से 3586 नल कनेक्शन दिए जाएंगे** – मिशन अमृत 2.0 के तहत स्वीकृत 56 करोड़ 78 लाख रुपए लागत की इस जल प्रदाय योजना में महान नदी के गोंडा एनीकट में इंटेकवेल का निर्माण कर पेयजल भटगांव पहुंचाया जाएगा। एनीकट से रॉ-वॉटर पाइपलाइन के माध्यम से सतही जल को योजना के अंतर्गत प्रस्तावित जल शोधन संयंत्र में शुद्ध कर स्वच्छ पेयजल भटगांव शहर को उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान में भटगांव शहर में प्रति व्यक्ति 49 लीटर जल प्रतिदिन उपलब्ध हो रहा है। भटगांव की इस नई जल प्रदाय योजना के शुरू होने के बाद वहां प्रति व्यक्ति 135 लीटर प्रतिदिन पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। भटगांव जल प्रदाय योजना के अंतर्गत दो एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र, कुल 750 किलो लीटर क्षमता के तीन उच्च स्तरीय जलागार, 64 किलोमीटर की वितरण पाइपलाइन तथा कुल 3586 निजी नल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। विगत अगस्त माह में इसके लिए कार्यादेश जारी किया जा चुका है। योजना का काम आगामी 24 महीनों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### मोदी ने जापान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को जापान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा को बधाई दी। मोदी ने कहा कि वह द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा हिंद-प्रशांत और उससे आगे के क्षेत्रों में शांति एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, हार्दिक बधाई प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा! मैं भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने तथा हिंद- प्रशांत तथा उससे आगे के क्षेत्रों में शांति एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। दोनों सदनों के पूर्ण सत्र में आयोजित प्रधानमंत्री पद के नामांकन चुनावों के परिणाम के अनुरूप जापान की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष शिगेरू इशिबा को जापान का 102वां प्रधानमंत्री चुना गया।

# खरगे-राहुल-प्रियंका ने किया गांधी, शास्त्री को नमन

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर आज नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ सुबह बापू की समाधि स्थल राजघाट गए और उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। खरगे ने कहा सत्य, अहिंसा व सत्याग्रह जैसे उच्चतम मूल्य से संपूर्ण विश्व को शांति का मार्ग दिखाने वाले, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सूत्रधार, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार व उनके आदर्श हमारे लिए सदैव प्रेरणादायी हैं। आज उनके विचारों को जो चुनौती मिल रही है, इसका मुक़ाबला हम बापू के सिद्धांतों पर चलकर कर रहें हैं। सभी देशवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। गांधी ने कहा बापू ने ही मुझे सिखाया है, जीना है तो डरे बिना जीना है - सत्य, प्रेम, करुणा और सौहार्द के रास्ते पर सबको जोड़ते हुए चलना है। गांधी जी एक व्यक्ति नहीं, जीने और सोचने का तरीका हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। वाड्रा ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने दुनिया को सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह जैसे अनमोल विचारों के साथ यात्राओं का महत्व समझाया था। वे मानते थे कि अपनी जनता का दुख दर्द समझने के लिए उनके बीच जाना और उन्हें समझना अत्यंत आवश्यक है। कहते हैं कि पूरी जिंदगी में बापू हर दिन औसतन 18 किलोमीटर पैदल चले।

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मंगलवार को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की। जिसमें श्री बालाजी हॉस्पिटल के डॉयरेक्टर डॉ. बीरेंद्र पटेल एवं जनरल मेडिसिन से डॉ. दीपक जायसवाल, कार्डियोलॉजी विभाग से डॉ. टी.डी. माखीजा, चर्म रोग विभाग से डॉ. अतुल मोहनकर, शिशु रोग विभाग से डॉ. बी एन राव, मनोरोग विभाग से डॉ. निशांत कुमार साहू, कैंसर रोग विभाग से डॉ. हेमन्त कुमार, नेफ्रोलॉजी विभाग से डॉ. रविधर, छाती रोग विभाग से डॉ. संदीप सुरीन, स्त्री रोग विभाग से डॉ. निशा अग्रवाल, जनरल सर्जरी विभाग से डॉ. अवधेश प्रताप, पेट रोग विभाग से डॉ. राम कुमार पातर, ईएनटी से डॉ. नंदिनी गुप्ता, हडडी रोग विभाग से डॉ. अर्चित वर्मा, मस्तिष्क रोग विभाग से डॉ. धनेंद्र साहू एवं डॉ. निखिल श्रीवास्तव, नर्सिंग स्टॉफ मे सिथलेश, सेरोन एवं हॉस्पिटल प्रबंधन टीम से आशुतोष खड़का, उज्जवल जायसवाल, राजीव दास और सालिक साहू उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को स्मरण किया। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के शीर्ष पुरुष ''राष्ट्रपिता'' महात्मा गांधी जी का सम्पूर्ण जीवन हमें सरलता और अहिंसा की सीख देता है। उनके अनमोल विचार हम सभी को सदैव सन्मार्ग प्रदर्शित करते रहेंगे। उन्होंने कहा हमें उनके आदर्शों को अपने व्यवहार और आचरण में उतारने की जरूरत है। राज्यपाल ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी याद करते हुए कहा उनकी सादगी और ईमानदारी सबके लिए प्रेरणा है। उन्होंने शास्त्री जी के प्रसिद्ध नारा ''जय जवान, जय किसान'' का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी सादगी और निष्ठा के आदर्शों का प्रतीक है।

# राजभवन में महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती मनाई गई



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया। राजभवन के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी व शास्त्री जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत राजभवन परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पांडेय, संयुक्त-सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित राजभवन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में 16 से 20 अक्टूबर तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य 27वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता 2024 का गौरवपूर्ण मेज़बान बनने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में रायपुर में 16 से 20 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के लिए यह आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो राज्य की खेल प्रतिभाओं और वन विभाग के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रदर्शित करेगा। इस खेल महोत्सव में देशभर से वन विभाग के खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण 20 अक्टूबर को आयोजित समापन समारोह में पेरिस ओलंपिक 2024 की पदक विजेता और विश्वप्रसिद्ध निशानेबाज मनु भाकर की उपस्थिति होगी, जो खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में राज्य की तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं है।

# स्काउट गाइड संघ बसना के तत्वावधान में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधीजी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर विकासखंड स्काउट गाइड संघ बसना के तत्वावधान में शासकीय कन्या उच्च माध्य विद्यालय बसना में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें शीत गुप्ता अध्यक्ष स्थानीय संघ बसना डॉ. विवेकानन्द दास विकासखंड सचिव, गिरीश पाढी (एएलटी), अनिल साव कोषाध्यक्ष, डिजेंद्र कुर्रे, प्रेमचंद साव, कुसुम कोटक एवं उर्वशी नेताम गाइडर तथा समीक्षा चतुर्वेदी, रोशनी साहू, वृंदावती पटेल, पल्लवी भोई, हेमांगिनी साहू, संगीता साहू, दिया प्रधान, निहारिका प्रधान, जागेश्वरी दास, सुमन यादव, चांदनी देवांगन, खिलेंन्द्री साव, रानू बारिक, सुमन साव, माही प्रधान, कहकशा अंजुम, नेहा पटेल आदि गाइड्स एवं स्वाधीन शौर्य दास स्काउट उपस्थित थे।

# 48 दिनों के हड़ताल के बाद दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की मांगे पूरी



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छ.ग. दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 548 अपनी 9 सूत्रीय मांगो को लेकर पिछले 48 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। विभाग के द्वारा छः मांगों को पूरा कर दिया गया है। शेष 3 मांगो का जल्द पूरा करने का आश्वासन शासन प्रशासन ने दिया है। दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ ने बताया की अपनी 9 सूत्रीय मांग नियमितिकरण, स्थायीकरण, कार्यभारित आकस्मिकता सेवा नियम, सीधी भर्ती पर रोक लगाने, लंबित वेतन भुगतान, श्रम सम्मान, 24 घंटे ड्यूटी बंद करने, समान कार्य समान वेतन, कार्य से पृथक किये गये कर्मचारियों की सेवा बहाली को लेकर 11 अगस्त से 27 सितंबर तक 48 दिन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। 48 दिनों के बाद आखिर विभाग की नींद टूटी और उन्होंने 6 मांगों का निराकरण कर दिया। लेकिन 2 प्रमुख मांगो स्थायीकरण एवं कार्यभारित आकस्मिकता सेवा नियम के लिये 27 सितंबर को वन मंत्री एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में वन मंत्री के मौखिक आश्वासन व प्रधान मुख्य वन संरक्षक रायपुर के द्वारा उपरोक्त 2 मांगों को पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया गया। आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित करते हुए कहा की यदि 02 माह में इन मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तो पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल पर आयेगें। जिसके लिये शासन प्रशासन पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा।

# स्वच्छता अभियान के तहत वृक्षारोपण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न




पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद नारायणपुर के क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा है, कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर विविध सकारात्मक गतिविधियां की जा रही है, आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नारायणपुर नगर पालिका परिषद के आत्मानंद कॉलेज मे वृक्षारोपण किया गया एवं शपथ दिलाया गया, और परेड ग्राउंड मे साफ सफाई एवं शपथ दिलाया गया, नगर पालिका परिसर में पहुंचकर सभी सफाई कर्मियों के लिए, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ परीक्षण किया गया और सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया, एवं गरांजी एजुकेशन हब में साफ सफाई एवं स्वच्छता शपथ दिलाया गया, नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम, जनप्रतिनिधियों द्वारा, गणमान्यजनों, एवं समस्त कर्माचारियों, शहर के सभी सफाई कर्मी उपस्थित होकर आमजनों को स्वच्छ पर्यावरण हेतु सामूहिक शपथ दिलवाई गई।

# रामकृष्ण मिशन आश्रम में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम संपन्न



पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर में स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने मिलकर 2 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन के उपलक्ष में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जिसमें आश्रम में अध्यनरत करीब 1200 विद्यार्थी और लगभग 50 शिक्षकों ने भाग लिया। सुबह 7:00 बजे विद्यालय प्रांगण में सभी विद्यार्थी एकत्रित हुए और बच्चों द्वारा ' साबरमती के बापू तूने कर दिया कमालसी भजन से शुभारंभ हुआ और साथ ही प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानंद ने बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने का शपथ दिलाई और फिर ' रघुपति राघव राजा राम'.... भजन गाया गया और इसके पश्चात बच्चों द्वारा पूरे आश्रम परिसर में रैली निकली गई जिसमें गांधी जी का जय जयकार, श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जय जयकार लगाया गया।स्वच्छता अभियान के तहत बच्चे आश्रम के भीतर एवं आश्रम के बाहर भी सफाई कार्य किया और यह शपथ लिया है कि आगे से अपने गांव अपने परिवार अपने परिसर को साफ सुथरा रखेंगे और दूसरों को भी रखने के लिए प्रेरित करेंगे। स्वामी मुक्तयानंद, ब्रह्मचारी जनार्दनचैतन्य एवं अन्य शिक्षक बृंद बच्चों के साथ रहकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया और सफाई अभियान को सफल बनाया।

# 2 अक्टूबर स्वच्छता भारत दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने निकाली रैली




पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन एवं उनकी उपस्थिति में 2 अक्टूबर भारत स्वच्छता दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव के एन.एस.एस. बच्चों एवं शिक्षको एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण/कर्मचारीगण के सहयोग से न्यायालय परिसर से जयस्तंभ चौंक तक रैली निकाली गई। इस रैली को उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया, साथ ही स्वच्छता का नारा लगाकर शहर में बढ़ती गंदगी, वातावरण को साफ रखने व घर के आसपास कचरे का निपटारण करने का संदेश दिया गया साथ ही न्यायालय परिसर में समस्त न्यायिक अधिकारीगण एंव समस्त न्यायिक कर्मचारीगण व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव के एन.एस.एस. बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा पौधा रोपण कर सभी को साफ-सफाई रखने हेतु प्रेरित किया गया। इसी दौरान समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव के प्राचार्य एवं शिक्षक के द्वारा बच्चों को महात्मागांधी के सिद्धांतों को अपने जीवन शैली में अमल में लाने की संदेश दी गई। साथ ही बढ़ो का सम्मान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ओर गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एम. के. नायक, राजेश पाण्डे एवं समस्त शिक्षकगण व बच्चों के सहयोग से स्वच्छता का पहल चलाया गया।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 7वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031, फोनः +91 44 4564 4000 । फैक्सः +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV-A, (नियम 8(6) और 9(1) का परंतुक देखें) अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित**

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) कॉलम (iii) के अनुसार, को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों कॉलम (iv) के अनुसार जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का कब्जा, प्रतिभूत लेनदार, पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहाँ है'', जैसा है'' और जो कुछ भी है''** के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) के निम्नवर्णित कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) से कॉलम (i) के अनुसार, प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट अर्थात www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र. सं. | (I) मांग सूचना की राशि | (ii) एग्रीमेंट आईडी | (iii) कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) का नाम | (iv) बंधक संपत्ति का पता | (v) आरक्षित मूल्य | (vi) ईएमडी राशि | (vii) नीलामी की तिथि एवं समय | (viii) ईएमडी नीलामी की तिथि एवं समय | (ix) निरीक्षण की तिथि एवं समय | (x) प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रु. 17825238.53/- मांग सूचना की तिथि 11.02.2020 | 13633561 & 13914676 | एक्सट्रीम एग्रो फार्मस प्राइवेट लिमिटेड, कृष कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, कृष ट्रेड लिंक प्राइवेट लिमिटेड, श्री कुणाल जायसवाल और श्री विजय कुमार जायसवाल | **सम्पत्ति 1 : सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि** दुकान नं. 201, क्षेत्रफल 14.80 वर्ग मी., 202, क्षेत्रफल 14.80 वर्ग मी., 203, क्षेत्रफल 14.80 वर्ग मी., 204, क्षेत्रफल 14.80 वर्ग मी, प्रथम तल, चौहान टॉवर भिलाई दुर्ग, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001, **दुकान नं. 204, चौहद्दीः** उत्तर में - रास्ता, पूरब में - दुकान नं.- 203, पश्चिम - दुकान नं.-205 , **दुकान नं. 203, चौहद्दीः** उत्तर में - रास्ता, पूरब में - दुकान नं.- 202 पश्चिम - दुकान नं.-204, **दुकान नं. 202, चौहद्दीः** उत्तर में - रास्ता, दक्षिण - रास्ता, पूरब में - दुकान नं.- 201, पश्चिम - दुकान नं.-203, **दुकान नं. 201, चौहद्दीः** उत्तर में - रास्ता, दक्षिण - रास्ता, पूरब में - रास्ता, पश्चिम - दुकान नं.-202 | रु. 7166250.00/- | रु. 716625.00/- | 19.10. 2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपा. 01.00 बजे तक | 18.10.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपा. 05.00 बजे तक | 15.10. 2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपा. 04.00 बजे तक | नाम- विनय सोनी संपर्क नं. 8319378592 नामः संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796 |
| | | | | **सम्पत्ति 2 : सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि** दुकान नं. 143, क्षेत्रफल 232.90 वर्ग फीट, 144, क्षेत्रफल 170.20 वर्ग फीट, 145, क्षेत्रफल 154.371 वर्ग फीट, भूतल, शास्त्री नगर, कैम्प 01, चौहान प्लाजा, व्यावसायिक परिसर भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001. चौहद्दीः उत्तर में - दुकान नं. 142, दक्षिण में - जी.आई. रोड़, पूरब में - खाली भूमि, पश्चिम - गालियारा | रु. 8278429.50/- | रु. 827842.95/- | | | | |

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई हो, तो अचल संपत्ति पर उपस्थित हों।

दिनांकः 03.10.2024

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.)

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित ग्रामीण सड़कों का शिवरतन शर्मा के प्रयासों से होगा कायाकल्प

## शिवरतन शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र को 109.483 लाख की राशि की मिली सौगात

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण (डामरीकरण कार्य) एवं मरम्मत कराये जाने के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रयासों से राज्य सरकार द्वारा चार ग्रामीण क्षेत्रो के लिए 109.483 लाख की मिली स्वीकृति। जिसके तहत खराब हो चुकी पुरानी सड़कों का नवीनीकरण (डामरीकरण) कार्य कराया जायेगा। उक्त स्वकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व पंचायत मंत्री विजय शर्मा के प्रति शिवरतन शर्मा ने आभार व्यक्त किया। विदित है कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है तब से भाटापारा विधानसभा में शिवरतन शर्मा के प्रयासों द्वारा लगातार करोड़ो के विकास कार्यो की सौगात क्षेत्र वासियों को मिल रही है। इसी कड़ी में भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम सेमरिया से मुख्यमार्ग तक 0.78 किलोमीटर के लिए 12.49 लाख, सूरजपुरा से मुख्यमार्ग 0.52 किलोमीटर के लिए 15.733 लाख, बोरसी से पाटन 1.80 किलोमीटर के लिए 37.45 लाख



एवं सुमा से तरेंगा 2.70 किलोमीटर के लिए 43.77 लाख की राशि राज्य सरकार द्वारा शिवरतन शर्मा के प्रयासों से प्राप्त कर ली गई है, जिसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर लिया जायेगा। उक्त स्वीकृत पर चर्चा करते हुए शिवरतन शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र का विकास करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है जिसके लिए डबल इंजन की हमारी सरकार भिन्न-भिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि वर्ष 2000 में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को आरंभ किया था। इस योजना के माध्यम से भारत के प्रत्येक गांव में पक्की सड़क बनवाई जाती है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को शहरी क्षेत्र की सड़कों से जोड़ना है। जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे नागरिकों को शहरों में जाने में किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। शिवरतन शर्मा ने आगे बताया कि भाटापारा विधानसभा की सभी सड़को को मुख्यमार्गो से पूर्व में ही जोड़ा जा चुका है,जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में दिक्कतो का सामना नही करना पड़ता। उक्त स्वीकृति के लिए पार्टी पदाधिकारियों सहित ग्रामीण अंचल के लोगो द्वारा उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## रासेयो स्वयंसेवको ने गांधी जयंती पर गोद ग्राम सलडीह में चलाया स्वच्छता अभियान




पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित रासेयो इकाई, रेडक्रास व हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गांधी जयंती के अवसर पर डॉ. मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक महासमुंद के मार्गदर्शन में एवं प्राचार्य अनिता पटेल के दिशा निर्देश तथा कमलाबाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रासेयो गोद ग्राम सलडीह के सार्वजनिक स्थानों, पंचायत भवन परिसर, गली मोहल्ले एवं मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही ग्रामीण जनों को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मोहनलाल दीवान, दुर्योधन सिदार तथा ग्राम सलडीह के स्वराज प्रधान, टिकेश्वर वैष्णव, चन्द्रहास बाघ, देवेन्द्र यादव, महेश प्रधान, दिनेश ताण्डी, रेशम गार्डिया आदि ने स्वच्छता जागरूकता में सहयोग किये एवं स्वयंसेवक निराकार साहू, किशन नंद, जीतू साहू, धर्मेन्द्र भोई, भूपेन, सोमेश, विकास राणा, जावेद, करुणासागर जाल, सागर चौधरी, कौशल चौधरी, कौशिक, प्रीति साहू, किरण सोना, सरिता वैष्णव, पुष्पा डड़सेना, चन्द्रिका, यज्ञसेनी, प्रिया भोई, चांदनी, योगिता साहू, जूली साव, लीजा बारिक, भुलेश्वरी, मोजेश, सूर्यकांत, सुभाष बीसी, प्राची, सौम्य, राकेश, मनीष बरिहा, कविता रौतिया आदि शामिल हुए।

# आत्मचिंतन उन्नति की सीढ़ी है : भगवान

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



दूसरों की विशेषताएं देखने और धारण करने में ही हमारी आत्मा की उन्नति होती है। दूसरों के अवगुण को देखकर अगर हम उनका चिंतन-मनन करते हैं और उन्हें जगह-जगह फैलाते हैं, तो वे पलट कर हमारे पास ही आ जाते हैं और हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। आत्मचिंतन उन्नति की सीढ़ी है, तो पर चिंतन पतन की जड़ है। उक्त उदगार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू राजस्थान से आये हुए बी के भगवान भाई ने कहे। वे स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र में एक दिवसीय राजयोग साधना कार्यक्रम में पधारे हुए ईश्वर प्रेमी भाई बहनों को खुशहाल जीवन हेतु स्व. चिन्तन विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वयं आंतरिक रूप से रिक्त होंगे तो अपनी रिक्तता को बाहरी तत्वों से भरने के लिए हमेशा दूसरों से कुछ लेने का प्रयास करेंगे, यदि हमार अंतर्मन प्यार, सौहार्द और मैत्री भाव से भरा रहेगा तो हम जगत में प्यार और मैत्री को बाँटते चलेंगे। उन्होंने कहा कि राजयोग के द्वारा ही हम अपने संस्कारों को सतोप्रधान बना सकते हैं। इंद्रियों पर काबू कर सकते हैं। क्रोध मुक्त और तनाव मुक्त रहने के लिए हमें रोजाना ईश्वर का चिंतन, गुणगान करना चाहिए। सकारात्मक चिन्तन से हम जीवन की विपरीत एवं व्यस्त परिस्थितियों में संयम बनाए रखने की कला है। भगवान भाई जी ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान को सकारात्मक विचारों का स्रोत बताते हुए कहा कि वर्तमान में हमे आध्यात्मिकता को जानने की जरुरी है। आध्यात्मिकता की परिभाषा बताते हुए उन्होंने कहा स्वयं को यर्थात जानना, पिता परमात्मा को जानना, अपने जीवन का असली उद्देश्य को और कर्तव्य को जानना ही आध्यात्मिकता है। आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा सकारात्मक विचार मिलते है। जिससे हम अपने आत्मबल से अपना मनोबल बढ़ा सकते है। उन्होंने कहा कि सत्संग से प्राप्त ज्ञान ही हमारी असली कमाई है। इसे न तो चोर चुरा सकता है और न आग जला सकती है। ऐसी कमाई के लिए हमें समय निकालना चाहिए। सत्संग के द्वारा ही हम अच्छे संस्कार प्राप्त करते हैं और अपना व्यवहार सुधार पाते हैं। स्थानीय ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवाकेंद्र की संचालिका बी के मंजू बहन जी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने अपनी पूरी सम्पत्ति को ट्रस्ट बनाकर विश्व सेवा हेतु समर्पित कर दिया। यही ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नाम से अब 140 देशो में चर्चित हुआ। बाबा ने परचिंतन एवं परदर्शन से मुक्त बन परोपकारी बनने की शिक्षा दी। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा बाबा ने 33 वर्षों तक परमात्मा शिव का साकार माध्यम बन अनेक बच्चों में ज्ञान, योग एवं धारणा का बल भरकर विश्व कल्याण हेतु देश के कोने-कोने में भेजा। कार्यक्रम की शुरुवात स्वागत में कुमारी ने डांस किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया। इस कार्यक्रम में बी के रामेश्वरी बहन भी उपस्थित थे।

## रामलीला में पंचमी को सत्यवादी राजा हरिशचंद्र नाटक का होगा मंचन

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के 105 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक भाटापारा की आदर्श रामलीला नाटक मंडली के मंच पर नवरात्र के पंचमी दिवस 7 अक्टुबर सोमवार को सत्यवादी राजा हरिशचंद्र उर्फ गुलशन का नाग संगीतमय नाटक की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। अत्यंत मार्मिक एवं दिल दहलाने वाली करूणा रस से भरी सत्यवादी राजा हरिशचंद्र की कथा का नाटकीय मंचन जिसमें राजा को अपने सत्यधर्म निभाने एवं अपने पुर्वजो की मर्यादा की रक्षा के लिए अपने परिवार सहित भरे बाजार में बिकने और एक राजा होकर समय की मार को झेलते हुए अपने धर्म का पालन करने तथा अपने पतिव्रत का पालन करते हुए राजा की रानी और अपने पुत्र धर्म को निभाने एवं अपने कुल की मर्यादा को मर्यादित रखने के लिए अपने पिता का साथ देते हुए अपने प्राणो की आहुति देने वाले पुत्र की बहुत की मार्मिक कथा का मंचन किया जाएगा जो निश्चित तौर पर दर्शको को भाव विभोर करते हुए आंखों में आँशु ले आएगा। ऐसी शानदार प्रस्तुति आदर्श रामलीला के वरिष्ठ एवं बाल कलाकारों के द्वारा नवरात्र की पंचमी पर रात्रि 8 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। नाटक मंचन में रामलीला के अनुभवी एवं वरिष्ठ कलाकार कोमल शर्मा के द्वारा राजा हरिशचंद्र की अदभुत प्रस्तुति रहेगी एवं रानी तारामती का किरदार आयुश तिवारी एवं पुत्र रोहित के रूप में शुभ केशरवानी, विश्वामित्र सागर जायसवाल तथा पंडित काव्यांश शर्मा, चांडाल लव शर्मा, जोहरा धरमपाल सोनी अन्य किरदारो में आदित्य सोनी, मुकूल शर्मा एवं अन्य कलाकार नजर आएगें। रामलीला संचालन समिति करेगी रामलीला और नाटको के मंचन की व्यवस्था संरक्षक मंडल में सत्यनारायण जोशी, कैलाशचंद पुरोहित, शिवरतन शर्मा, संतोष अग्रवाल, बाल गोविंद तिवारी, देवेन्द्र गुप्ता,देवनारायण शर्मा, अनिल चांडक, बजरंग लाल चौरसिया एवं समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष जगदिश वैष्णव, सचिव कोमल शर्मा, हेमंत मल, धनजी जोशी, सूर्यकांत शुक्ला, मनोज गुप्ता, विनय ठाकुर, राहुल तिवारी, शिवनारायण गुप्ता, सिद्धांत जाधव द्वारा व्यवस्थित किया जाएगा।

# बरडीह में गांधी एवं शास्त्री जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए प्रखर



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

आदर्श ग्राम बरडीह में प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई जाती है। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्राम वासीयो द्वारा किया जाता है उक्त कार्यक्रम में संगम सेवा समिति के संस्थापक एवं युवा भाजपा कार्यकर्ता प्रखर अग्रवाल सम्मिलित हुए उक्त कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, स्वच्छता एवं लोगो के बीच देश प्रेम की भावना को बढ़ाना जिससे आने वाली पीढ़ी में समाज एवं देशप्रेम की भावना निरंतर बनी रहे, मंच को संबोधित करते हुए अग्रवाल ने कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए समस्त ग्राम वासीयो का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं देश के लिए गांधी जी के योगदान के विषय में आम जनता को अवगत कराया वहीं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा शास्त्री जी अपने त्याग एवं अपने सरल व्यक्तित्व के लिये जाने जाते है वही दूसरी ओर उनके कार्यकाल में उनके द्वारा लिये गये मजबूत फ़ैसले ही थे जिसने देश को कभी झुकने नहीं दिया था उनका कार्यकाल भले ही कम रहा हो फ़िर भी विषम परिस्थिति में उनके द्वारा किए गए कार्य के लिए देश की जनता हमेशा उनकी ऋणी रहेगी अंत में अग्रवाल ने समस्त ग्राम वासीयो को स्वच्छता एवं देश हित में अपने कर्तव्य एवं दायित्व को निभाने एवं प्रतिबद्ध रहने के लिए ग्रामवासीयों को शपथ दिलाए।

# कॉलेज में मनाई गई गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा के निर्देशन में भारत के महान सपूत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी का जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती , महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस जयंती समारोह में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार मांझी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य अध्यक्षता यू के बरिहा कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पीतांबर बाघ एवं अशोक दास मंचासीन थे। लक्ष्य गीत की प्रस्तुति राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया। पार्वती पुलस्थ के द्वारा महात्मा गांधी जी के जीवन परिचय एवं दर्शन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया तथा आरती भोई ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन गाथा एवं भारत में किए गए उनके कार्यो को स्मरण किया तथा काव्य पाठ की प्रस्तुति भाग्यश्री अंचल ने किया। विशिष्ट अतिथि के आसंदी की पर विराजमान पीतांबर बाघ ने महात्मा गांधीजी के द्वारा चलाए गए आंदोलन और अपने व्यवहारिक जीवन में सत्य और अहिंसा के प्रयोग को बहुत ही विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई तथा स्वयंसेवकों को महात्मा गांधी जी के पदचिन्हों में चलकर देश के विकास क्षेत्र में अपनी योगदान देने की अपील की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार मांझी ने महात्मा गांधीजी के वर्तमान स्वरूप से लेकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनके द्वारा किए गए आंदोलन तथा भारतीय दर्शन में सत्य और अहिंसा के प्रयोग को अपने व्यवहारिक जीवन में लागू कर एक का शक्ति के रूप में व्यक्त किया। महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन तथा देश के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में किए गए कार्यो के बारे में अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के द्वारा देश के विकास में अपनाए गए नीतियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

# व्याख्याता कमलेश साहू छग शिक्षक रत्न से सम्मानित



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के तत्वावधान में सरायपाली में आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह 2024 में शासकीय हाई स्कूल रोहिना विखं बसना के व्याख्याता कमलेश साहू को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कमलेश साहू शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के साथ-साथ लेखन कला के क्षेत्र उल्लेखनीय कार्य किये हैं। उनके आलेख, संपादकीय, आलोचना, कविता आदि विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुका है। उन्हें पर्यावरण सुरक्षा के प्रति विशेष जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए जाना जाता है। स्कूल परिसर को हरा भरा करने के लिए स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए विशेष वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं। उन्होंने रोवर लीडर के रूप में कार्य करते हुए शाउमावि सरसीवां के करीब दर्जन भर छात्रों को राज्यपाल पुरस्कार से भी पुरस्कृत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कमलेश साहू को विधयाक चातुरी नंद, सरायपाली जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने पर बसना बीईओ जेआर डहरिया, एबीईओ बद्री विशाल जोल्हे, बीआरसीसी पूर्णानंद मिश्रा, रोहिना स्कूल प्राचार्य अजय जायसवाल एवं शिक्षक साथी एवं इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

## आपराधिक प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपए की वसूली करने का आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शहर एवं आसपास के विभिन्न लोगों को अपने झांसे में लेकर उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली करने संबंधी मामले में थाना सिटी कोतवाली में कुल 05 अपराध दर्ज किया गया है। प्रकरण में पूर्व में पकडे गए आरोपियों से पूछताछ पर, प्रकरण में संलिप्तता तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर 01. अपराध क्र. 260/2024 धारा 384, 389, 212, 34, अपराध क्र. 261/2024 धारा 384, 389, 34 एवं अपराध क्र. 262/2024 धारा 384, 389, 34 में आरोपिया हीराकली चतुर्वेदी उम्र 35 साल निवासी ग्राम सोनाडीह पुलिस चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# बुजुर्गो का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

## 150 से अधिक वृद्धजन हुए शामिल



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग द्वारा नगर भवन में बुजुर्गो का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न विकासखंड से आएं 155 बुजुर्गो का सम्मान फूल,श्रीफल एवं साल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी उपस्थित रहे। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी वृद्धजनों से मिलकर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई देते हुए उनके हाल चाल का जायजा लिया। उक्त कार्यक्रम में सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त मानसिक स्वास्थ्य,नशा मुक्ति अभियान एवं पारिवारिक विवाद के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर 34 किसानों को खरीफवर्ष का बीमा पालिसी प्रदान किया गया है। इस मौके पर उप संचालक कृषि दिलीप नायक, सखी वह स्टॉप सेंटर से तुलिका परगाहनिया, स्वास्थ्य विभाग को टीम सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जिला कार्यालय सहित विभिन्न विभागीय कार्यालयों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कलेक्टर ने दी श्रद्धांजलि, स्वच्छता का लिया गया शपथ

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ एवं मद्य निषेध सप्ताह अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान सफल बनाने हेतु भी शपथ लिया गया। साथ ही साथ कलेक्टोरेट परिसर एवं संयुक्त जिला कार्यालय में स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालय, पुलिस कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में श्रम दान कर साफ सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने भी हाथ में झाडू लेकर परिसर की सफाई में अपना हाथ बटाया। इस अवसर पर इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, डिप्टी कलेक्टर बी आर ध्रुव सहित सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आज जिले के विभिन्न विभागों के जिला कार्यालयों, विकासखंड कार्यालय सहित कलेक्टोरेट परिसर के आसपास भी साफ सफाई की गई। जिसमे जिला कार्यालय स्थित आदिवासी विकास विभाग, सांख्यिकी, महिला एवं बाल विकास, खनिज, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, समाज कल्याण, खाद्य, कोषालय, राजस्व के विभिन्न शाखा, पुलिस कार्यालय, तहसील, एसडीएम जिला हॉस्पिटल, जिला पंचायत कार्यालयों का साफ सफाई किया गया है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही लगातार जारी



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में कसडोल एवं भाटापारा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 05 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 05 प्रकरण में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 05 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10,000-10,000 का अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 05 वाहन चालकों को कुल 50,000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# लीडरशिप गुणों को बढ़ावा देने दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रायपुर के एमबीबीएस छात्रों में लीडरशिप गुणों को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डॉ. सुमिता सेठी द्वारा किया गया। कार्यशाला की योजना और समन्वयन डॉ. अनिल कुमार दुबे (बाल रोग विशेषज्ञ) के नेतृत्व में किया गया वहीं डॉ. दरख्शां जबी और टीम द्वारा सहायता प्रदान की गई। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक ने फैकल्टी को संबोधित किया। छात्रों को आत्मविश्वास, दृढ़ता, विभिन्न प्रकार के व्यक्तित्व और विभिन्न महत्वपूर्ण जीवन स्थितियों को संभालने के बारे में सिखाया। कार्यशाला संवादात्मक और मनोरंजक रही। आयोजन से छात्र खुश और संतुष्ट नजर आये। यह छात्रों के लिए एक अनुभवात्मक सीखने का अवसर रहा और उन्होंने भविष्य में ऐसी गतिविधियों को जारी रखने और एमबीबीएस छात्रों के लिए एक लीडरशिप सोसायटी बनाने का संकल्प लिया।

# मानव श्रृंखला बनाकर भिलाई-चरौदा निगम के सफाई मित्रों ने दिया "स्वच्छता ही सेवा" का संदेश

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई-3
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से प्राप्त निर्देशों तथा जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम-चरोदा स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सफाई में जन सहयोग एवं जनभागीदारी को बढावा देना है। निगम में कार्यरत स्वच्छता दीदी और सफाई मित्रों द्वारा नगर भ्रमण रैली आयोजित की गयी। जिसमें शहर के विभिन्न वार्डो में गुजरते हुए रैली ने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। यहां उल्लेखनीय है कि रैली के पश्चात सभी सफाई कर्मियों द्वारा दर्शनीय मानव श्रृंखला बनाकर अपने नगर -शहर के साथ प्रदेश और देश में हर तरह से स्वच्छता रखने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा किसी को भी गंदगी नहीं फैलाने देंगे, इसका निश्चय किया गया। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में प्रयुक्त चलित चिकित्सा इकाई मेडिकल टीम ने सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया साथ ही शासन द्वारा चलायी जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विभाग प्रमुख कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता कर्मियों को दी गयी। आज के कार्यक्रम में सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता मुकेश रात्रे, राशन कार्ड से सहायक ग्रेड-03 यशवंत ठाकुर, प्रधानमंत्री आवास से सी.एल.टी.सी. अंकित साहू, टिकेन्द्र शर्मा, मुकेश यादव, जनसंपर्क लिपिक विकास त्रिपाठी, पेंशन विभाग से रायटर नरसिंग सपहा, कृष्णा यादव, आयुष्मान कार्ड से कम्प्यूटर ऑपरेटर श्याम सुन्दर सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर पुरानिक साहू, एन.यू.एल.एम. से सामुदायिक संगठक कुंती वर्मा, सामुदायिक संगठक सुषमा पाण्डेय, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित वर्मा, स्वास्थ्य विभाग से स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, सफाई दरोगा कौशल तिवारी, सफाई मित्र अरूण कुंजाम, रवि वर्मा के साथ अन्य कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

# हजारों लोगों ने नम आंखों से आखिरी विदाई दी इमाम हैदर को

## विधायक द्वय और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सहित अनेक लोगों ने दी अपनी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



जामा मस्जिद सेक्टर-6 में 45 साल तक इमामत करने वाले पहले इमाम हाजी हाफिज अजमलुद्दीन हैदर (82) को सोमवार 30 सितंबर की रात कब्रिस्तान हैदरगंज में सुपुर्दे खाक किया गया। इसके पहले ईदगाह सेक्टर-6 के मैदान में उनकी नमाजे जनाजा पढ़ी गई। जिसमें हजारों की तादाद में दुर्ग-भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद, डोंगरगढ़ और आसपास से लोगों ने भागीदारी दी। इमाम हैदर का 30 सितंबर की दोपहर शहर के एक निजी अस्पताल में इंतकाल हो गया था। उनकी नमाजे जनाजा में उमड़ी भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियंत्रित किया। ईदगाह मैदान में जामा मस्जिद सेक्टर-6 के मौजूदा इमाम हाफिज इकबाल अंजुम हैदर ने नमाजे जनाजा पढ़ाई। यहां आस-पास की सभी मस्जिदों के इमामो-खतीब और आलिमे दीन भी मौजूद थे। नमाजे जनाजा के बाद ईदगाह से कब्रिस्तान हैदरगंज तक के सफर में उनके जनाजे का कांधा देने लोगों में होड़ लगी रही। अकीदतमंदों की सहूलियत को देखते हुए रास्ते में वाहन के बजाए ज्यादातर सफर पैदल तय किया गया। कब्रिस्तान में इमाम हैदर को उनके वालिद इमाम अफजलुद्दीन हैदर की मजारे अकदस के पास ही दफ्न किया गया। इमाम हैदर के इंतकाल पर जनप्रतिनिधियों व समाज के प्रमुख लोगों ने शोक जताया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने अपने शोक संदेश में कहा कि जामा मस्जिद सेक्टर 6 में साढ़े चार दशक से भी अधिक समय तक इमामत करने वाले इमाम हाजी हाफिज अजमलुद्दीन हैदर के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। इस दुखद घड़ी में उनके परिवार को ये दुख सहने की शक्ति मिले,यही प्रार्थना करता हूँ। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव का शोक संदेश लेकर उनके प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिहा पहुंचे थे। अपने शोक संदेश में देवेंद्र यादव ने कहा है- सेक्टर 6 जामा मस्जिद के बड़े इमाम साहब हाजी हाफ़िज़ अजमलुद्दीन हैदर जी के निधन की सूचना मिली। भिलाई बिरादरी के लिए यह अपूरणीय क्षति है।

# बुजुर्गों को दी स्वास्थ्य की जानकारी आंखों से कमजोर को मिली सहारे की छड़ी

## विश्व वयोवृद्ध दिवस का आयोजन शासकीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सोमनी भिलाई-3 में

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



विश्व वयोवृद्ध दिवस पर शासकीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सोमनी भिलाई-3 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि वृद्धजनों की स्वास्थ्य देखभाल और आयु अनुसार दवाओं के नियमित सेवन से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी गई। इस मौके पर दोनों आंखों से कमजोर पुसाऊ राम यादव को सहारे की छड़ी दी गई, जिससे उन्हें चलने-फिरने में सुविधा हो सके। सैय्यद असलम ने बताया कि 60 वर्ष के बाद वृद्धजनों को बीपी, शुगर, नज़र की कमी,सुनने की क्षमता में कमी, हड्डियों में कमजोरी, थकावट, याददाश्त में कमी, पेशाब में तकलीफ़और शौच की समस्या बढ़ती उम्र के कारण शुरू हो जाती है इसलिए उनकी देखभाल करने वाले परिवार के सदस्यों को प्रत्येक स्थिति पर ध्यान रखना चाहिए। दवा समय पर खिलाना, समय समय पर स्वास्थ्य जांच कराना चाहिए। पैरों में कमजोरी से गिरने का डर रहता है। इसलिए रात्रि में सहारे के एंव रोशनी के माध्यम के साथ चलना चाहिए। वाशरूम-बाथरूम में भी फिसलकर का गिरने के ज्यादातर मामले मिलते हैं। साल में दो बार पूरे शरीर की स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। विश्व वयोवृद्ध दिवस पर नेत्र सहायक चिकित्सा अधिकारी जे कौर विरदी ने 20 बुजुर्गों की नेत्र जांच की। जिसमें एक काला मोतियाबिंद का केस मिला। उन्हें विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने जिला अस्पताल दुर्ग रेफर किया गया।

# बिना बैटरी, चाबी, डीजल के बाद भी 12 चक्का ट्रक व हाइवा ले भागे अज्ञात चोर

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में सड़क किनारे खडे लाखों रूपये के दो हाईवा वाहन चोरी चले जाने के मामले में पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफअपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। उक्त मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जायसवाल कोल कर्मर्सियल लाजिस्टिक कम्पनी में सुपर वाईजर के पद पर काम करने वाले सुरेन्द्र कुमार शांडिल्य ने घरघोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि हमारी कम्पनी में विशाल लाजिस्टिक कोरबा की कम्पनी से आज से लगभग 01 माह पहले 07 हाईवा 12 चक्का ट्रक कार्य हेतु आया इसके बाद 03 हाईवा, 12 चक्का ट्रक, 02 हाईवा 12 चक्का ट्रक एवं लास्ट में 01 हाईवा 12 चक्का ट्रक कुल 13 हाईवा 12 चक्का ट्रक कार्य हेतु हमारी कम्पनी में लाये थे। 17 सितंबर विश्वकर्मा पुजा हेतु कटंगडीह रोड किनारे हमारे स्टाफके पिता की खाली पडी जमीन में सभी वाहनों को खडा किया गया था। सुपर वाईजर ने बताया कि पुजा कार्य संपन्न होने के बाद भी कुछ हाईवा और 12 चक्का ट्रक को 28 सितंबर तक कटंगडीह रोड किनारे खडा किया गया था। जिसमें हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनव्ही 1054, 12 चक्का ट्रक एवं सीजी 15 डीएक्स 5735 हाईवा 12 चक्का ट्रक भी बिना बैटरी, बिना चाबी एवं टंकी में नाम मात्र डीजल के खडी किया गया था तथा सुरक्षा हेतु राकेश तिर्की निवासी को लगाया गया था। 28 सितंबर की रात लगभग 11 बजे कटंगडीह आॅफिस में सोने आ गया था इस रात अज्ञात में चोरों ने हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनव्ही 1054, 12 चक्का ट्रक एवं सीजी 15 डीएक्स 5735 हाईवा 12 चक्का ट्रको की चोरी कर फरार हो गया।

# गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रबल प्रताप हुए शामिल

## मंदिर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश



पायनियर संवाददाता ◀ कोटा
www.dailypioneer.com

गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान साथ में महापर्व सदस्यता अभियान मैं छाया विधायक प्रबल प्रताप पहुंचे स्वच्छ भारत को साकार करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें निरंतर लगे हुए हैं स्वच्छ भारत अभियान आज करगी रोड कोटा नगर पंचायत राम मंदिर चौक से सफाई अभियान का शुभारंभ हुआ इसके पश्चात महापर्व सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जो ग्राम पंचायत बील्ली बंद कंचनपुर मैं सदस्यता अभियान में सम्मिलित हुए कार्यक्रम में उपस्थित छाया विधायक प्रबल प्रताप जूदेव वेंकट लाल अग्रवाल जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ मोहित जायसवाल जिला महामंत्री रंगनादम रंग भैया महाराज सिंह नायक मंडल अध्यक्ष सुलेश पांडे मंडल महामंत्री मोहन श्रीवास कैलाश गुप्ता विकास सिंह बाबा गोस्वामी जीतू बंजारे मनीष कौशिक युवा मोर्चा मंडल महामंत्री बैकुंठ नाथ जायसवाल अमरनाथ साहू दुर्गेश साहू मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक गणेश राम साहू बकुंठ नाथ जायसवाल संजीव पार्षद पूर्व राहुल सोंधिया अश्वनी ठाकुर सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महापौर व आयुक्त ने की सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्जवल व सुखद भविष्य की कामना

■ भावुक पल:नगर निगम द्वारा सेवानिवृत्त होने पर चंद्रशेखर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य एवं निगम के भृत्य को दी गई भावभीनी विदाई



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम के दो कर्मचारियो के रिटायरमेंट पर महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर सेवा निवृत्त कर्मचारियो का विदाई समारोह का कार्यक्रम मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्रकर, पार्षद ज्ञानदास बंजारे, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम एवं अधिकारी/कर्मचारियो की मौजूदगी में सेवानिर्वित्त चंद्रशेखर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य मंजुला गुप्ता व निगम कर्मी भृत्य शांति यादव को शाल श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी। नगर निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीपी मिश्रा, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियता हरिशंकर साहू, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा, निज सहायक आयुक्त शुभम गोइर,शशि यादव,राजू चन्द्राकर,क्षमा शर्मा ने प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की। वहीं नगर निगम के अधिकारियों/कर्मचारियो ने दोनो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प भेंट की।सेवा निवृत्त होने पर निगम कर्मचारियों ने अपने अनुभवों को साझा किए।

महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है,आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो, निगम परिवार ऐसी कामना करता है, सेवानिवृत्त के बाद कभी भी कोई परेशानी होने पर निगम परिवार सदैव साथ होने का भरोसा उन्हें दिलाया गया।

# हर्षोल्लास के साथ हुआ स्वच्छता पखवाड़े का समपान

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़े की शुरूवात 17 सितम्बर भेलवा तालाब से शुरू होकर आज नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में समापन हुआ। जिसमें स्वच्छता को लेकर किये गये विभिन्न जनजागरूकता अभियान के विजेताओ को पुरूस्कृत किया गया। 02 अक्टूबर गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के अवतरण दिवस पर विधायक रिकेश सेन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, पार्षदगण, आयुक्त बजरंग दुबे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं समाजिक एवं अध्यात्मीक संगठन से जुड़े हुए प्रतिनिधियो द्वारा पुज्य महात्मागांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभी ने महापुरूषो द्वारा दिये गये जन उपयोगी संदेशों को याद किया गया। विजेताओ को पुरस्कार देते समय विधायक रिकेश सेन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छता के प्रति हर भारत वासी को जागरूक कर दिया है। पहले घरो से निकलने वाले कचरो को हम सब नालियो में या इधर-उधर फेंक कर गंदगी कर देते थे। अब नहीं करते है, हमारे बच्चे ही उन्हे आगाह करते है। स्वच्छता लगातार चलने वाली प्रक्रिया है, जब तक हम इंदौर नगर निगम के समान भिलाई नगर निगम नम्बर 1 नहीं बन जाता। तब तक सफाई की ज्योति जलाए रखेगें। प्रभारी अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने सभी को अपने घरो से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरा को अलग करके सफाई मित्रो को देने के लिए आव्हान किया। आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी को संबोधित करते हुए कहा सफाई की शुरूवात खुद से होती है। जिसकी खूसबू परिवार, समाज, राज्य एव पुरे देश तक फैलती है। हमे शपथ भर नहीं लेना है इसको अंगिकार भी करना है। विधायक एवं जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारियो द्वारा सफाई की गई एवं पर्यावरण को सुदृढ रखने के लिए वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान समूह की महिलाओ द्वारा प्रस्तुत किया गया, वेस्ट इस बेस्ट यानि कबाड़ से जुगाड़ द्वारा बनाई गई सामग्री का सभी ने तारिफ की। तत्पश्चात स्वच्छता के क्षेत्र में संस्थाओ, स्कूल के बच्चो एवं स्वच्छता मित्रो द्वारा किये गजा रहे कार्यो के विजेताओ को सम्मानित करते हुए उन्हे प्रशस्ति पत्र एवं सफाई मित्रो को सुरक्षा किट प्रदान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नगर निगम भिलाई द्वारा आयोजित साइकल रैली, निबंध, ड्राइंग, स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ अस्पताल, स्वच्छ उद्यान प्रतियोगिता के विजेताओ को पुरूस्कृत किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता ब्राण्ड अम्बेसडर अमिताभ भटटाचार्य, आर्ट कॉम संस्था (हर आंगन एक पेड़) से नीशू पाण्डेय, वृक्ष मित्र मुकेश पाण्डेय, स्वच्छता ही सेवा संस्थान, छ.ग. आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउन्डेशन से हरप्रित सिंग, एनडीआरएफ का दल, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाओ एवं छात्र-छात्राओ आदि को सम्मानित किया गया। अंत में स्वच्छता गाड़ियो को हरी झण्डी दिखाकर नगर की सफाई के लिए रवाना किया गया।

## हमारी लापरवाही के कारण सफाई खर्च बढ़ रहा है- सांसद विजय

# सांसद और विधायक कबाड़ से बने सेल्फी कार में बैठे

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com





हमारी ही लापरवाही के कारण आस पास कचरों का ढेर लग रहा है। पहले निगम के पास 70 लाख सफाई का बजट था, बढ़कर 6 करोड़ तक पहुंच रहा है। अगर हम सजग हो जाए तो यह राशि कम हो सकती है। राशि को शहर के विकास में लगाया जा सकता है। यह बाते दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कही। सांसद, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, और महापौर शशि सिन्हा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में शामिल हुए। उन्होंने विजेता प्रतिभागी और स्वच्छता मित्रों का सम्मान भी किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि आज भारत 12 वें स्थान से ऊपर उठकर विश्व में 5 वे क्रम पर है। विश्व में भारत सबकों साथ लेकर चलने वाला, भलाई की सोच रखने वाला देश है। देश के प्रधानमंत्री यहां की संस्कृति और सभ्यता को विश्वपटल पर रख रहे है। पहले की तुलना में स्वच्छता को देखे तो हम बहुत आगे निकल चुके है। स्वच्छता भारत का अभियान बन चुका है। अभियान को उच्च शिखर पर लेकर जा रहे है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के माध्यम से हम लोगों को सीख दे रहे है। तभी भारत एक बार फिर सोने की चिड़िया कहलाएगी। कार्यक्रम के आरंभ में रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत करते कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, अतिथि के रूप में और एमआईसी डॉ. सीमा साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, माया यादव, टिकम साहू, विलास राव बोरकर आदि समारोह में उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन आयुक्त मोनिका वर्मा ने की। पाम्पलेट का विमोचन-ब्रांड एम्बेसडर कुवर नरेन्द्र द्वारा प्रकाशित कराए स्वच्छता अपनाओं पाम्पलेट का विमोचन सांसद और विधायक ने किया। इस दौरान निगम ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले ब्रांड एम्बेसडर डी.पी. देशमुख, डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, अशोक महेश्वरी, प्रदीप साहू का पुष्पगुच्छ देकर आयुक्त ने सम्मानित किया। घर पर गीले कचरे का निष्पादन कर खाद बनाने वाले राम सुजान वर्मा का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। सांसद विजय बघेल और विधायक ललित चंद्राकर ने नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा तैयार कंडम कार को सेल्फी कार बनाने की तारीफ की।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

Fax No. - 07786-242230    E-mail : cmokondagaon.2010@rediffmail.com

### // मैनुअल पद्धति से प्रथम/द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/2571/न.पा./लो.नि.शा./2024    कोण्डागांव, दिनांक 30/09/2024

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैः-

1. निविदा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 11.10.2024 को समय 05.00 बजे तक। (निविदा हेतु आवेदन) के साथ शर्तों के अधीन पात्रता संबंधी समस्त दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. परीक्षण उपरान्त निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - 16.10.2024 को समय 05.00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 22.10.2024 को समय 04.00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि - 22.10.2024 को समय 05.00 बजे तक।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत (लाखों में) | अमानत राशि (F.D.R.) | निविदाकार की श्रेणी | निविदा फार्म/डी.डी. की राशि | निविदा फार्म |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्षिक निविदा सत्र 2024-25 हेतु विद्युत शाखा अंतर्गत विद्युत मरम्मत सामग्री क्रय (द्वितीय निविदा) | 30.00 | 30000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म ''एबीसी'' |
| 2 | वार्षिक निविदा सत्र 2024-25 हेतु सफाई सामग्री क्रय कार्य (द्वितीय निविदा) | 30.00 | 30000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म ''एबीसी'' |
| 3 | नया बस स्टैण्ड में टीकट काउंटर निर्माण कार्य। (प्रथम निविदा) | 27.64 | 21000.00 | सक्षम श्रेणी | 1500.00 | फार्म ''ए'' |

निविदा संबंधी विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं एवं www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद कोण्डागांव

## संपादकीय

### पश्चिम एशिया बड़े युद्ध का खतरा

**पश्चिम एशिया** में बड़े युद्ध का खतरा मडरा रहा है जिसका कारण इस्राइल, हिजबुल्ला और ईरान के बीच टकराव का विस्फोटक बिंदु तक पहुंचना है। पश्चिम एशिया में गंभीर स्थिति को देखते हुए इस क्षेत्र में पूर्ण युद्ध छिड़ने से आश्चर्य नहीं होगा। हिजबुल्ला के लंबे समय से प्रमुख रहे हसन नसरुल्ला की हत्या इस्राइल व लेबेनान के चरमपंथी समूह के बीच जारी टकराव बढ़ने का कारण है। इस घटनाक्रम से न केवल ईरान, बल्कि अमेरिका भी व्यापक व संभवत: विनाशकारी युद्ध में फंस सकते हैं। अपने नेता तथा 'कमांड ढांचे' के विनाश के बाद हिजबुल्ला महत्वपूर्ण मोड़ पर है। उसके एक दर्जन से अधिक सर्वोच्च कमांडर मारे गए हैं तथा उसका संचार नेटवर्क ध्वस्त हो गया है। इससे इस समूह को काफी आपरेशनल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन हिजबुल्ला के हार मान लेने की उम्मीद नहीं है। इस समूह में हजारों लड़ाके हैं तथा उसके पास दूर तक मार करने व सटीक हमला करने वाली मिसाइलें हैं जिनसे बड़े इस्राइली शहरों पर निशाना लगाया जा सकता है और उसने बदला लेने की प्रतिज्ञा की है। कतारों से दबाव बढ़ने के कारण पूरी संभावना है कि हिजबुल्ला इस्राइल के खिलाफ बड़े हमले का प्रयास करे जिससे इस्राइली वायु रक्षा प्रणाली निष्प्रभावी हो सकती है। यदि ऐसा हमला होता है और उसके परिणामस्वरूप बड़ी



संख्या में नागरिक हताहत हों तो इस्राइल की प्रतिक्रिया तेज और विनाशकारी होगी। वह लेबेनान की ढांचागत संरचना पर निशाना लगाएगा तथा युद्ध का विस्तार ईरान तक कर सकता है। इस स्थिति में पूरे क्षेत्र में तनाव फैल सकता है जिससे व्यापक अव्यवस्था पैदा होगी।

हिजबुल्ला की तरह ईरान के लिए भी नसरुल्ला का निधन बड़ा धक्का है। ईरान ने अभी तक हमास के राजनेता इस्माइल हानिया की हत्या का बदला नहीं लिया है और अब उस पर बदला लेने के लिए कट्टरपंथियों का भारी दबाव है। हथियारबंद समूहों के नेटवर्क के कारण ईरान का प्रभाव इस क्षेत्र के बाहर तक जाता है जिसे 'एक्सिस आफ रेजीस्टेंस' कहते हैं। इसमें हिजबुल्ला, यमन के हूती तथा सीरिया और ईराक के विभिन्न समूह शामिल हैं। हालांकि, तेहरान अपने इन 'मुहरों' का प्रयोग इस्राइल पर दबाव बनाने के लिए करेगा और वह पूर्ण युद्ध से बचने के लिए इसकी प्रतिक्रिया पर गौर करेगा। इस्राइल के इरादे अब पहले के किसी समय की तुलना में अधिक स्पष्ट हैं। नसरुल्ला की हत्या से संकेत मिलता है कि 21 दिन के युद्धविराम के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद इस्राइल अब अपना सैनिक अभियान रोकने वाला नहीं है। दबाव डालने वालों में उसका निकटतम सहयोगी अमेरिका भी है। इस्राइल का विश्वास है कि उसने हिजबुल्ला को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया है और उसका इरादा समूह से मिसाइल खतरा समाप्त होने तक युद्ध जारी रखना है। व्यापक युद्ध के विनाशकारी परिणाम न केवल युद्ध में सीधे भाग लेने वाले पक्षों, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए होंगे। पहले से आर्थिक बरबादी के कगार पर पहुंचा लेबेनान गहरे संकट में फंसेगा। इससे वैश्विक तेल सप्लाई प्रभावित होने से पूरी अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। आगामी सप्ताह यह तय करने के लिए महत्वपूर्ण होंगे कि यह टकराव व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में बदलता है अथवा राजनयिक प्रयासों से इसे और भड़कने से रोकने में सहायता मिलती है। वर्तमान समय में यह पूरा क्षेत्र अस्थिरता का शिकार है और टकराव का कोई निकट समाधान नजर नहीं आ रहा है। इस समय संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा पश्चिमी देशों को सामने आ कर सुलह-समझौते के प्रयास करने चाहिए नहीं तो निश्चित रूप से पूरे क्षेत्र में आग लग जाएगी।

# चीन की भ्रामक सैनिक शक्ति

तकनीकी प्रगति के बावजूद झाऊ वर्ग की पनडुब्बी डूबने जैसी घटनाओं ने यीन के सैनिक शक्ति के दावों और उसकी वास्तविकता के बीच व्यापक खाई पैदा हो गई है।



भूपिंदर सिंह
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)



तकनीकी प्रगति के बावजूद झाऊ वर्ग की पनडुब्बी डूबने जैसी घटनाओं ने यीन के अपनी विशाल सैनिक शक्ति होने के दावों और उसकी वास्तविकता के बीच व्यापक खाई पैदा हो गई है। इससे स्पष्ट होता है कि चीनी रणनीति के केन्द्र में ही 'धोखाधड़ी' अंतर्निहित रूप से स्थापित है। यह बात खासकर सैनिक मामलों में शुरू से ही बनी हुई है। चीन के प्राचीन दार्शनिक शुन जू के 'आर्ट आफ वार', यानी युद्धकला में व्यापक रूप से धोखाधड़ी को एक 'जादुई हथियार' की तरह पेश किया गया है। इस प्रकार धोखाधड़ी वाले युद्ध की अवधारणा पहले से ही सामने आई थी। चीनी 'पीएलए नैवी सबमैरीन अकादमी' ने औपचारिक रूप से युद्ध में धोखाधड़ी के चार प्रकार बताए हैं। उसके मैनुअल 'एसेंसियल्स आफ सुन जू एंड आर्ट आफ वार एंड सबमैरीन आपरेशन्स' में इनको शामिल किया गया है।

इनके अनुसार, पहले 'दुश्मन को डराने के लिए अपना प्रदर्शन करो' तथा फिर 'दुश्मन को भ्रमित करने के लिए छद्म प्रदर्शन करो'। इसके बाद तीसरा सिद्धान्त 'दुश्मन को परेशान करने के लिए गतिशीलता पैदा करो' और अंत में 'दुश्मन को रोकने के लिए उसे धोखा दो' का स्थान आता है। इस प्रकार झूठ बोलना चीनी युद्धकला में एक प्राकृतिक आवश्यकता के रूप में सामने आता है।

भारत को अच्छी तरह गौर करना चाहिए कि चीनी पहले कैसे 1962 के भारत-चीन युद्ध के बारे में बात करते थे, पर वे 1967 में नाथूला दर्रे और चोला सीमा टकरावों में अपनी पराजय पर पूरी तरह खामोश रहे। इन झड़पों में लगभग 340 चीनी सैनिक मारे गए थे और 88 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे, लेकिन चीन ने अपनी झूठ बोलने की शैली पर चलते हुए केवल 82 हताहत चीनी माने थे। इसी प्रकार चीनी 1979 के चीन-वियतनाम युद्ध में मारे गए चीनी सैनिकों के बारे में झूठ बोलते रहे या आंकड़ों के बारे में उन्होंने दुनिया भर में भ्रम पैदा करने का प्रयास किया। जानबूझ कर तथ्यों को छिपाने और झूठ बोलने की यह आदत 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर भारत-चीन झड़प के मामले में भी दुहराई गई। जहां भारत ने पूरी ईमानदारी के साथ झड़पों में हताहत हुए अपने वीर जवानों की संख्या उजागर की, वहीं चीन अपने सैनिकों के हताहत होने की बात पर पर्दा डालता रहा।

यह इस तथ्य के बावजूद था कि अमेरिका ने हताहत चीनी सैनिकों की संख्या 20-35 बताई थी, जबकि रूस के अनुमान से चीन के लगभग 45 सैनिक मारे गए थे। आस्ट्रेलिया ने भी अनुमान लगाया था कि कम से कम 41 चीनी सैनिक भारतीय सैनिकों के साथ हुई झड़प में मारे गए थे। लगभग एक साल बाद चीन ने प्रकारान्तर से गलवान झड़पों में केवल चार सैनिकों का निधन स्वीकार किया और इसके लिए उनको वीरता पुरस्कार दिए गए। झूठ बोलने की अपनी आदत के अनुसार, चीनी हमेशा अपनी उपलब्धियों को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करते हैं, जबकि अपने नुकसान को अनदेखा कर खासकर अपने ही नागरिकों को धोखा देने का प्रयास करते हैं।

इस प्रकार वे 'जानबूझ कर' अपने अजेय और वीर होने का भ्रम पैदा करते हैं, जबकि वास्तव में वे बहुत कमजोर हैं और उनमें वीरता जैसी कोई बात नहीं है। फर्जी दावे करने, अपनी विफलताओं को कम कर दिखाने तथा क्षमताओं को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करने की 'संप्रभु इच्छा' को उन्होंने एक कला के रूप में विकसित किया है। इसका कारण यह है कि कोई तानाशाह सरकार किसी प्रकार भी स्वयं को कमजोर नहीं दिखाना चाहती है। यह बात आमतौर से तकनीकी प्रगति के उनके दावों तथा आधुनिकतम हथियार और प्लेटफार्म विकसित करने के उनके दावों में स्पष्ट दिखाई देती है।

वे स्वयं को तकनीक व हथियारों के विकास में अमेरिका या रूस से लगातार आगे दिखाते रहते हैं। लेकिन यथार्थ यह है कि वे अनिवार्य रूप से 'रिवर्स इंजीनियरिंग तकनीकों' पर निर्भर हैं। वे धड़ल्ले से दूसरे देशों की तकनीक चोरी करते हैं या उसे धोखाधड़ी कर दूसरो से हासिल करते हैं, लेकिन बड़ी खुशी से इसे अपनी 'स्वदेशी तकनीक' के रूप में पेश करते हैं।

उनके अधिकांश 'पांचवी पीढ़ी' के लड़ाकू विमान, इंटरकांटीनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें, हाइपरसोनिक तकनीकों तथा चीनी नाभिकीय पनडुब्बियां सार्वजनिक रूप से खबरों में तो रहती हैं, पर मूलत: उनका परीक्षण नहीं हुआ है और न वे किसी लड़ाई में कारगर पाई गई हैं। हालांकि, उनका औद्योगिक आधार काफी बड़ा है और रक्षा उद्योगों को भारी बजटीय आबंटन किया गया है, पर चीन के बाकी सभी दावों की तरह ये दावे भी भ्रामक रूप से यथार्थ की तुलना में ज्यादा शानदार दिखते हैं। इस संदिग्ध पृष्ठभूमि में हाल ही में चीन की नवीनतम नाभिकीय पनडुब्बी के डूबने की खबर आई। तथ्य यह है कि झाऊ क्लास की यह आक्रामक पनडुब्बी सेवा में आने के पहले ही डूब गई। इससे स्पष्ट होता है कि तकनीकी प्रगति के चीनी दावों और उनकी यथार्थ क्षमता के बीच कितनी बड़ी खाई मौजूद है। संयोग से अमेरिकन उप-विदेश सचिव कर्ट कैंपबेल ने पुष्टि की कि रूसी चीन को पनडुब्बी तकनीक विकसित करने में सहायता दे रहे थे और यह उनकी 'स्वदेशी तकनीक' पर निर्मित नहीं थी, जबकि चीन ने यही दावा किया था।

हालांकि, पनडुब्बी डूबने की यह घटना मई के प्रारंभ में हुई थी, पर चीन ने इसे कभी स्वीकार नहीं किया। उपग्रह से प्राप्त चित्रों से ही पता चला कि चीन की पहली नाभिकीय शक्ति चालित पनडुब्बी डूब गई है। निश्चित रूप से यह चीन के प्राथमिकता वाले आयुध विकास कार्यक्रमों को तगड़ा धक्का है क्योंकि इनका प्रयोग चीन अपने विस्तारवादी व वर्चस्ववादी इरादों के लिए करना चाहता है। इस घटना से हुई बदनामी छिपाने तथा एक और विमर्श तैयार करने के लिए चीन ने प्रशांत महासागर में एक इंटरकांटीनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल दागी। इस कदम का उद्देश्य सारी दुनिया का ध्यान डूबी पनडुब्बी से हटाने के लिए तथा अपनी क्षमता और शक्ति प्रदर्शित करने के लिए था। चूंकि प्रशांत महासागर में यह परीक्षण चार दशक बाद हुआ है, इसलिए स्पष्ट रूप से यह 'संकेत देने' के लिए किया गया है कि 'ड्रैगन के पंजे अब भी तेज हैं तथा दांत जहरीले हैं।'

संयोग से यह मिसाइल पीएलए की 'राकेट फोर्स' का हिस्सा है जो भयानक भ्रष्टाचार के मामलों, अधिकारियों को निकाले जाने तथा पिछले साल पूरे परिवर्तन का शिकार रही है। यह समस्या पीएलए नौसेना नेतृत्व में भी व्याप्त है जो डूबी पनडुब्बी की इन्चार्ज थी। पाकिस्तान या बांग्लादेश जैसे पुराने खरीदारों ने भी चीनी हथियारों के अधोमानक होने की शिकायतें की हैं। उनकी शिकायत खासकर नौसेना के लिए खरीदे हिस्से-पुर्जों के घटिया होने की रही है। विश्व स्तर पर सैनिक सप्लायर के रूप में रूस की स्थिति में गिरावट का लाभ स्वत: चीनी विनिर्माताओं को बिजनेस मिलने के रूप में सामने नहीं आया है, जबकि पहले आशा थी कि 'मेड इन चाइना' की बढ़ती छवि के कारण चीन को करोड़ों-करोड़ का लाभ होगा। लेकिन चीनी उत्पादों पर प्रतिक्रिया के कारण ऐसा नहीं हुआ। पाकिस्तान हथियार बाजार में अमेरिका वापस आ गया है, जबकि इस्लामाबाद चीनी हथियार निर्यात में 50 प्रतिशत से अधिक का खरीदार था।

इसके साथ ही चीनी अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ने के कारण उस पर बहुत दबाव है। इस कारण बीजिंग हथियारों पर निवेश, खोज तथा उनको बेचने में गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है। उसके दावों और यथार्थ के बीच अंतर के कारण स्थिति और खराब हो रही है। हालांकि, अभी यह कहना बहुत जल्दबाजी होगी कि चीन का 'सैनिक-औद्योगिक गठजोड़' निकट भविष्य में पूर्णत: विफल हो जाएगा, लेकिन चीन के बड़बोले दावों के लगातार ध्वस्त होने के कारण उसकी स्थिति खराब होती जा रही है।

हालांकि, चीन अभी भी परेशान, तानाशाह और दु:साहसी देशों के लिए 'मुख्य आधार' बना हुआ है, पर उसके अद्यतन तकनीक प्राप्त करने और हथियारों में उसके प्रयोग के दावे गंभीर संदेह के घेरे में आ गए हैं।

# शून्य का आध्यात्मिक महत्व

> जैसे एक परमाणु भौतिक दुनिया के लिए और एक आत्मा आध्यात्मिक दुनिया के लिए है, वैसे ही शून्य दोनों दुनियाओं का प्रतीक है।

ब्रह्मकुमार निकुंज
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



शून्य वह संख्या है जिसे लोग अक्सर महसूस करते हैं, एक से ज़्यादा, है न ? क्योंकि ज़्यादा शून्य का मतलब है ज़्यादा समृद्धि। हालांकि आध्यात्मिक दृष्टिकोण से, शून्य वह बिंदु है जहां से अन्य सभी संख्याएं निकलती हैं। देखने में भी शून्य एक बीज, गर्भ या अंडे का प्रतीक है जिससे शुद्ध क्षमता निकलती है। चूंकि शून्य दिखने में एक वृत्त जैसा दिखता है, इसलिए यह अनंत काल, विकास और अनंत का प्रतीक है। जैसे एक परमाणु भौतिक दुनिया के लिए और एक आत्मा आध्यात्मिक दुनिया के लिए है, वैसे ही शून्य दोनों दुनियाओं का प्रतीक है।

पाइथागोरस ने शून्य के चिह्न को सभी चीज़ों के लिए कंटेनर और अन्य सभी मूल्यों के जन्म स्थान के रूप में देखा। शून्य की खोज ने हमारे गणना, गणना और संचार के तरीके को बदल दिया। ये सभी कार्य आज मानव गतिविधि के लगभग सभी क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। शून्य को धनात्मक और ऋणात्मक पूर्णांकों के साथ एक सम संख्या के रूप में गिना जाता है। यह संख्या-मूल्य प्रणाली में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक हज़ार, सौ, दस या दस लाख जैसी संख्या में एक अंक के मूल्य और स्थान को परिभाषित करता है। एक तरह से, यह एक प्रतीक है जो शून्यता को परिभाषित करता है।

शून्य मानव जीवन के असंख्य क्षेत्रों में अपने योगदान के संदर्भ में मूल्यवान है, लेकिन इसका उपयोग धार्मिक और आध्यात्मिक दर्शन में रहस्यमय अवधारणाओं का वर्णन करने के लिए किया गया है। हिंदी में शून्य को %शून्य% कहा जाता है जिसका अर्थ है शून्य, जागरूकता की सर्वोच्च अवस्था जहाँ सब कुछ शून्य हो जाता है। आध्यात्मिक



साधक इस अवस्था को मुक्ति या निर्वाण के रूप में देखते हैं जिसमें आत्मा सांसारिक जीवन के सभी छापों, प्रभावों और अशुद्धियों से मुक्त होकर अपनी मूल अवस्था में लौट आती है। शून्य एक अण्डाकार वृत्त की तरह दिखता है जो अनंतता का प्रतिनिधित्व करता है जो सृष्टि का शाश्वत चक्र है। सब कुछ नए सिरे से बनने से पहले शून्य या शून्य में लौट जाता है। इसलिए, अधिकांश आध्यात्मिक शिक्षक शून्य अवस्था प्राप्त करने पर जोर देते हैं, यानी सभी सांसारिक विचारों से मन को खाली करना और मुक्ति और शांति प्राप्त करने के लिए भौतिक शरीर की जागरूकता से अलग होना।

अंडाकार आभा से घिरे प्रकाश के बिंदु के रूप में आत्मा या सर्वोच्च सर्वशक्तिमान का अंडे के आकार का प्रतीक भी शून्य जैसा दिखता है। अपनी मूल अवस्था में, प्रत्येक आत्मा शून्य की तरह होती है और इसकी कोई सांसारिक पहचान या भूमिका नहीं होती है, लेकिन एक बीज की तरह, इसमें अनंत शक्तियां और गुण समाहित होते हैं, जो तब प्रकट होते हैं जब आत्मा इस संसार में कर्म के क्षेत्र में प्रवेश करती है।

सर्वशक्तिमान शाश्वत बीज है जो हमेशा जागरूकता की शून्य अवस्था में रहता है, हर चीज़ से अलग होता है, फिर भी अनंत दिव्य गुणों और शक्तियों से भरा होता है जो पूरी सृष्टि को सहारा देते हैं। जब भी सृष्टि क्षीण और पुरानी हो जाती है, तो वह इस शून्य की सर्वोच्च अवस्था से एक परिपूर्ण नई दुनिया का निर्माण करता है।

शून्य की तरह, आत्मा का भी मूल रूप से एक सम या सकारात्मक चरित्र होता है। जिस तरह 2 का ऋणात्मक - 2 होता है जिसका अर्थ है 2 की कमी, सकारात्मक गुणों की जागरूकता की कमी आत्मा में नकारात्मक या विषम लक्षणों के रूप में प्रकट होती है। गणना में शून्य की संख्या के बहुत ही विशेष कार्य होते हैं। शून्य में कुछ भी जोड़ा या घटाया जाए तो वह अपरिवर्तित रहता है। किसी भी संख्या को शून्य से गुणा करने पर शून्य प्राप्त होता है जबकि किसी भी संख्या को शून्य से भाग देने पर अनंत प्राप्त होता है।

दिलचस्प बात यह है कि जब हम किसी संख्या के बाद शून्य जोड़ते हैं, तो उसका मान दस गुना बढ़ जाता है। ये विशेषताएँ उस सर्वशक्तिमान परमेश्वर को दी जा सकती हैं जो अनंत काल के चक्र में अपरिवर्तित रहता है।

वह कर्मों के फल का आनंद नहीं लेता है और उसकी शक्तियों में कुछ भी जोड़ा, घटाया, गुणा या भाग नहीं किया जा सकता है। जब हम खुद को उससे जोड़कर अपनी शक्तियों को गुणा करते हैं, तो हम भी उसके जैसे सभी दिव्य गुणों से भरे शून्य बन जाते हैं। तो आइए हम शून्य अवस्था में रहने और चेतना की उच्च अवस्था को प्राप्त करने का प्रयास करें ताकि सभी चिंताओं, तनावों और तनावों से मुक्त जीवन जी सकें।

## आप की बात

### खड़गे का विलाप

**मल्लिकार्जुन खड़गे** हमेशा ही मोदी के खिलाफ उटपटांग बयान देते रहते हैं। एक चुनावी सभा में तबीयत बिगड़ने और इलाज के बाद ठीक होने पर उन्होंने कह दिया कि मोदी को सत्ता से हटाए बिना मैं मरने वाला नहीं हूं। एक वरिष्ठ नेता का दूसरे वरिष्ठ नेता एवं देश के प्रधानमंत्री के बारे में इस तरह आपत्तिजनक कथन जनता को पसंद नहीं आयेगा। यह बयान खड़गे का विलाप ही कहा जा सकता है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खड़गे की बीमारी की खबर मिलने पर फोन कर उनका हाल-चाल जाना एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी की। पिछले 10 साल में विपक्षी नेताओं और उनके उकसावे पर समर्थकों ने मोदी के मरने के नारे तक लगाए और उनको भांति-भांति की गालियां दीं। लेकिन बुरा होने के बजाय देश-दुनिया में मोदी की ख्याति बढ़ी। खड़गे का बयान उनकी निराशा का प्रतीक भी है क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में संविधान के नाम पर झूठ बोलने तथा जनता को आरक्षण के नाम पर भड़काने और बहकाने के बावजूद कांग्रेस सैकड़े तक नहीं पहुंच सकी। ऐसे बयान मोदी को और शक्ति प्रदान करेंगे तथा निश्चित रूप से वे 2029 में एक बार फिर भाजपा के प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनेंगे। देखना होगा तब उनकी अध्यक्षता वाली पार्टी की क्या हालत होगी ?

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### नवरात्रि का संकल्प

**हाल के दिनों में** पूरे देश में दुष्कर्म की दिल दहलाने वाली खबरें आ रही हैए इन खबरों को पढ़कर व सुनकर तो अब वाकई में स्वयं को सुसभ्य समाज कहने में भी शर्म आती है। अपने आपको सभ्य कहने पर हंसी भी आती है, रोना भी आता है। जिस देश में शान से माता गंगा को पूजा जाता है, मां सरस्वती, लक्ष्मी, पार्वती का पूजन किया जाता है, वट सावित्री की पूजा की जाती है, नवरात्रि में धूमधाम से मां दुर्गा की आराधना करते हुए व्रत- उपवास करते हैं और मां गंगा की कसम खाई जाती है, उसी देश में मां स्वरूप बच्चियों व नारी का इतना अपमान, तिरस्कार हमारे सभ्य चेहरे पर कालिख के समान है। कह सकते हैं कि हम में से अनेक लोग केवल दिखावे वाली बगुला भक्ति ही करते हैं, यानी मुख में राम और मन में शैतान। हम जिस श्रद्धा, आस्था व विश्वास के साथ मां स्वरूपा की पूजा करते हैं, उसी श्रद्धा व विश्वास के साथ बच्चियों व नारियों का सम्मान करें तो ही सुसभ्य समाज कहलाने में गर्व महसूस कर सकते है। 3 अक्टूबर से नवरात्रि का पर्व शुरू हो रहा है । इस बार सभी पुरुषों को संकल्प लेना चाहिए कि हम ऐसा आचरण कदापि नहीं करें जो हमारे संस्कारों और उसूलों के विरुद्ध हो तथा बच्चियों की सुरक्षा करें।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद

### यूपीआई पर टैक्स

**यूपीआई** सिस्टम ने लेन-देन में क्रांति ला दी है। इससे लेन-देन फोन पर टैप करने जितना आसान हो गया है। अब वॉलेट रखने की जरूरत नहीं है, जेब में मोबाइल होना ही काफी है। मिर्च-धनिया जैसी साधारण चीजें खरीदनी हों या मॉल में बड़ी खरीदारी करनी होए यूपीआई पेमेंट ने तुरंत लेन-देन सहज बना दिया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, यूपीआई ट्रांजेक्शन में 57 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह 100 अरब के आंकड़े को पार कर गया है। लेकिन इस पर टैक्स लगाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, 75 फीसदी से ज्यादा लोगों ने संकेत दिया है कि अगर शुल्क लगाया जाता है तो वे यूपीआई का इस्तेमाल बंद कर सकते हैं और नकद लेन-देन पर वापस लौट सकते हैं। वैश्विक स्तर पर यूपीआई से भुगतान श्रीलंका, सिंगापुर, भूटान, यूएई, नेपाल, मॉरीशस और फ्रांस सहित सात देशों में स्वीकार किए जा रहे हैं। अगर लेनदेन शुल्क लगाया गया तो यूपीआई अपनाने की गति धीमी हो सकती है और लोग नकदी या चेक जैसे पुराने तरीकों पर वापस लौट सकते हैं। इससे वित्तीय तरलता में संभावित रूप से कमी आ सकती है। इसे देखते हुए यूपीआई लेनदेन पर टैक्स लगाने का विचार ठीक नहीं लगता है।

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

### महिला सशक्तीकरण

**पिछले कुछ दशकों** से भारत में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बहुत अच्छा कार्य हुआ है और सैना जैसे पुरुष-वर्चस्व वाले क्षेत्र में भी महिलाओं को उच्च पद दिए जाने लगे है। उधर महिला आरक्षण बिल भी पास हो गया है। जिसके अच्छे परिणाम अगले कुछ वर्षों में हमें देखने को मिलेंगे। मगर इन सब के बीच महिलाओं से क्रूरता, अत्याचार और भेदभाव की घटनाएं भी बढ़ती जा रही है। कठोर कानूनों के बावजूद अपराधियों के हौसले अभी बुलंद बने हुए हैं। इसके लिए अब खुद महिलाओं को भी दुर्गा वाहिनियां बनाकर आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेना होगा। आज इस्राइल में शत-प्रतिशत महिलाएं सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त हैं। जिसके परिणाम पूरी दुनिया के सामने हैं। हमारे देश में कम से कम आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेना सभी लड़कियों के लिए स्कूलों से विश्वविद्यालयों तक शिक्षा का अनिवार्य अंग बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही पुलिस, अभियोजन व जिला स्तरीय न्यायपालिका में महिलाओं की उपस्थिति यथासंभव बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# सभी के सहयोग से स्वच्छता का संकल्प होगा पूरा : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## स्वच्छता दिवस पर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने स्वच्छता की शुरुआत उसी कक्षा से की जहां से उन्होंने स्वयं अपनी पढ़ाई की थी

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com






राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्वामी करपात्री स्कूल में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने स्वच्छता की शुरुआत उसी कक्षा से की जहां से कक्षा 9 वी में बैठकर स्वयं अपनी पढ़ाई की थी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत आज स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर स्वामी करपात्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में जिला स्तरीय श्रमदान एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने स्कूल के बाद मैदान में श्रमदान किया। उन्होंने मैदान की सफाई में भाग लिया और सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने श्रमदान के साथ-साथ स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया। उपमुख्यमंत्री ने स्वच्छता दिवस पर स्वच्छता दीदियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही स्वच्छता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्राओं को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वच्छता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम अपने वातावरण को स्वच्छ रखें क्योंकि स्वच्छता में ही स्वस्थ जीवन का राज छिपा है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राची से देश को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया था और यह अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें समाज का प्रत्येक वर्ग अपनी भागीदारी निभा रहा है। आज हमारे जिले के गांव ओडीएफ प्लस हो चुके हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि कड़ी मेहनत हिम्मत एवं संकल्प से ही सफलता के द्वार खुलते हैं और सफलता का शॉर्टकट नहीं होता। इसीलिए बच्चे अपनी पढ़ाईयों को एकाग्र होकर पूरा करें और कड़ी मेहनत से जीवन में आगे बढ़े। उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छता में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी, अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा मनहरण कौशिक, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत संतोष पटेल, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा देवकुमारी चंद्रवंशी, चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, उमंग पांडे, राम विलास चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संदीप कुमार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्वच्छाग्रही स्कूली बच्चे स्काउट एवं एनसीसी के कैडेट्स सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्वच्छता अभियान के तहत जिले में किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाई गई। बैनर, पोस्टर, रंगोली, निबंध लेखन, रैली जैसे अनेक कार्यक्रमों के द्वारा स्वच्छता के घर-घर दस्तक दी गई। उन्होंने बताया कि स्वच्छता लक्षित इकाई ब्लैक स्पॉट के अंतर्गत 82 स्थानों का चयन किया गया जिसका शत प्रतिशत 82 स्थानों की साफ सफाई की गई। इसी तरह स्वच्छता की जन भागीदारी अंतर्गत 2372 इवेंट क्रिएट किए गए जिसमें से 2372 इवेंट का संचालन ज़िले में किया गया। सुरक्षा शिविर इवेंट के तहत 179 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें शत प्रतिशत 179 स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते हुए 6848 लोगों को लाभान्वित किया गया जिसमें से 6322 स्वच्छाग्रही शामिल है।

### उप मुख्यमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्रमदान कार्यक्रम के साथ-साथ फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट ग्राम पंचायत सारंगपुरकला का लोकार्पण किया गया। इस कार्य की लागत राशि 43.93 लाख रूपए है। इसी तरह ग्राम पंचायत सिल्हाटी जनपद बोड़ला एवं ग्राम पंचायत मजगाव जनपद कवर्धा के लिए प्लास्टिक मैनेजमेंट इकाई जिसकी लागत राशि 16-16 लाख रूपए का भी लोकार्पण किया।

### स्वच्छता दीदियों और छात्राओं को किया सम्मानित

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वच्छता ही सेवा 2024 में उत्कृष्ट कार्य करनें वाले बच्चे को सम्मानित किया गया। स्वच्छता के विषय पर निबंध प्रतियोगिता में कुमारी राधिका साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्पना कला प्रथम, कुमारी रजनी जोशी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय पौड़ी को द्वितीय स्थान एवम् कुमारी सहारिस्ता खान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा संग्रहण एवं इसके उचित निपटान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वछग्रही ग्राम पंचायत बेदरची गौरकुमार पटेल, गिरिजा पटेल, अनुपा पटेल, ललिता श्रीवास, यशोदा पटेल तथा ग्राम पंचायत सरेखा से गायत्री साहू, रामेश्वरी साहू, दामन साहू, दरनियां साहू एवं केसर साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम(स्वछत्ता नृत्य) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले बच्चें को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया वृक्षारोपण

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत स्वामी करपात्री स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण करते हुए उपमुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह किया कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और इसके देखभाल का संकल्प ले जिससे कि हमारी प्रकृति हरा भरा होकर वातावरण स्वच्छ हो सके। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया।

## देश की गौरवशाली परम्परा है बुजुर्गो का सम्मान करें और उनके सुख सुविधाओं का ख्याल रखें : चंदेल






पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल अध्यक्ष, ज़िला पंचायत सुनीता साहू उपाध्यक्ष अजय तिवारी, पार्षद नीतू कोठारी, घनश्याम देवांगन सहित जनप्रतिनिधियों ने 300 महिला-पुरुष वृद्धजनों से भेंट कर शॉल, श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण बरखा कासू सहित वरिष्ठ नागरिक, वृद्धजन उपस्थित थे। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि वृद्धजन हमारें लिए महत्वपूर्ण धरोहर है। आज की युवा पीढ़ी इनके अनुभवों और आशीर्वाद से अपने जीवन को अच्छा बना सकते है। उन्होंने युवा पीढ़ी से वृद्धजनों के अनुभवों और भावनाओं का सम्मान करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि वृद्धजन अनुभव का खजाना होते है। सिंह ने कहा कि वृद्धजनों के सम्मान से ही आने वाली पीढ़ी का भविष्य और बेहतर एवं उज्वल हो सकता है। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल कहा कि बुजुर्ग घर की शोभा होते हैं। इनके रहने से आश्रय और संबल मिलता है। साथ ही यह हमारें हर समस्या का समाधान करने में सक्षम होते है। उन्होंने कहा कि हमारें देश की गौरवशाली परम्परा है हम अपने बड़े बुजुर्गो का सम्मान करें और उनके सुख सुविधाओं का ख्याल रखें। हर समाज को इनका पूरा आदर और सम्मान करना चाहिए तथा इनके अनुभवों का लाभ लेना चाहिए। क्योंकि उन्होंने अपने जीवन की लंबी यात्रा तय की है।

## समाधान महाविद्यालय व आईटीआई के विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता एवं स्वैच्छिक रक्तदान पर शपथ



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान एवं आईटीआई में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस आयोजित किया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराया गया। महाविद्यालय के एनएसएस एवं क्रीड़ा अधिकारी राजेश गजपाल ने रक्तदान के महत्व एवं उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि भारत में रक्त की कमी एक बड़ी समस्या है, और स्वैच्छिक रक्तदान से इस कमी को दूर किया जा सकता है। स्वैच्छिक रक्तदान से न केवल जीवन बचाए जा सकते हैं, बल्कि यह समाज में एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा देता है। रक्तदान से रक्त की गुणवत्ता में भी सुधार होता है, क्योंकि स्वैच्छिक दाताओं का रक्त सुरक्षित और शुद्ध होता हैं। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं से स्वच्छता पर शपथ ग्रहण कराया गया। आईटीआई से किशन एवं समूह द्वारा स्वच्छता पर नाटक की प्रस्तुति दी। आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी ने स्वच्छता पर अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता एक आवश्यक मूल्य है, जो हमारे समाज को स्वस्थ एवं समृद्ध बनाता है। स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे हमें अपने दैनिक जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए। हमें अपने घर, ऑफिस और आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए काम करना चाहिए। चेतना विकास मूल्य शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष स्वीटी मलिक एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक व आईटीआई के ट्रेनिंग ऑफिसर उपस्थित थें।

## गांधी जयंती पर नवागढ़ थाना में चलाया गया स्वच्छता अभियान



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला के नवागढ़ स्थित पुलिस थाना में गांधी जी के जन्म जयंती पर नवागढ़ थाना के सभी कर्मचारी अधिकारी व आगामी छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती का प्रशिक्षण ले रहे सैकड़ों युवक एवं युवतियां के द्वारा गांधी जी के जयंती पर नवागढ़ थाना परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से आरक्षक, राज आटिल, भोलाराम साहू, रविकांत चंद्रवंशी, चंद्रेश जोशी हिरा लाल, फिरोज साहू प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश मनोहर, अजय बंजार सहित अन्य स्टाफ व उड़ान एकेडमी नवागढ़ के सैकड़ों की संख्या में युवा एवं युक्तियां उपस्थित रहे। इस सराहनीय पहल की प्रशंसा नवागढ़ थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव ने की है और सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किया पांडातराई में विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं एक्सिस बैंक शाखा का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com





जनता की सेवा और पंडरिया विधानसभा के विकास के लिए सतत प्रयासरत पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई में 85 लाख रुपये के विकास कार्यों, अधोसंरचना विकास एवं सौंदर्यीकरण सहित जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों को बैंकिग सुविधा का उपलब्ध कराने हेतु उनके प्रयासों से नए एक्सिस बैंक शाखा का भी उन्होंने उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम रणवीरपुर में आयोजित सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान के तहत हाई स्कूल परिसर में श्रमदान किया एवं वीरेंद्र नगर एवं कांपादाह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का लोकार्पण कर महिला समूहों से भेंट मुलाकात कर स्वच्छ भारत अभियान में उनके योगदान की प्रशंसा की। विदित हो कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार क्षेत्र के विकास हेतु कार्य किये जा रहें हैं। उनका उद्देश्य है कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं में भी बड़े शहरों की भांति जनता को हर सुविधाएं उपलब्ध हों, अधोसंरचना विकास से वहां की व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके इसके लिए उनके अथक प्रयासों से नगर पंचायत इंदौरी हेतु 1करोड़ 50 लाख रुपये, नगर पंचायत पांडातराई हेतु 2 करोड़ 40 लाख एवं नगर पालिका परिषद पंडरिया हेतु 3 करोड़ रुपये की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है। इसी कड़ी में आज भावना बोहरा ने 85 लाख रुपये के विकास कार्यों का पांडातराई में भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि समृद्ध पंडरिया बनाने का हमने जो संकल्प किया है, उसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी शहरी क्षेत्रों की भांति अधोसंरचना विकास, शहरों का सौंदर्यीकरण, पक्की सड़कें, पुल-पुलिया, बिजली एवं स्वच्छ जल की आपूर्ति हो इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहें हैं। आज पांडातराई में हुए इन सभी विकास कार्यों से जनता को सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होगा। हम पंडरिया विधानसभा को छत्तीसगढ़ का सबसे विकसित व जनसुविधाओं से युक्त विधानसभा बनाने निरंतर प्रयास कर रहें हैं और इस प्रयास में जनता का सुझाव व मार्गदर्शन हमें प्राप्त हो रहा है। आज जो यह विकास की सौगात जनता को मिली है उससे क्षेत्रवासियों में भी खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास कार्य ठप्प पड़ें थे, जनता को मूलभूत सुविधाएँ नहीं मिल रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ एक बार पुनः विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। जनता को मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इन सभी विकास व निर्माण कार्यों से पंडरिया विधानसभा की जनता को लाभ मिलेगा।

## पार्षद ने डस्टबिन वितरण कर चलाया स्वच्छता अभियान



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिवस में वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद नीतू कोठारी ने प्रत्येक घर में डस्टबिन वितरण कर जागरूकता अभियान चलाकर लोगो से अपील करते हुये कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है हम सभी लोगो को स्वच्छता के लिये अपने घर से शुरुआत करते हुये अपने घर के आसपास की सफाई रखे। स्वच्छता को गंभीरता से लेते हुये अभियान की थीम स्वरूप स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता को अपनाएं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि स्वयं स्वच्छता को अपनाने के साथ 100 लोगो को प्रेरित करें। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ललिता साहू ने कहा कि शासन-प्रशासन स्वच्छता के लिये काम कर रही है हम सभी को गीला कचरा-सुखा कचरा अलग अलग एकत्रित करना चाहिये। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीना देवी साहू, लक्ष्मी साहू, महामंत्री सावित्री रजक, ममता साहू, पिंकी नेमा, राकेश मोहन शर्मा, ओमेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

## गांधी जयंती पर कठिया में किया गया पौधारोपण



**बेमेतरा।** ग्राम कठिया मे गांधी जयंती के अवसर पर पर्यावरण प्रेमी संगठन के द्वारा मुक्तिधाम में शीशम, कनेर का पौधा लगाया गया संगठन अपने कार्य पर निरंतर कार्य किया जा रहा हैं। इससे ग्रामीणों क्षेत्र के लोगों में जागरूण आ रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, उपध्यक्ष परदेशी साहू, सचिव गणेश कुमार साहू, प्रवक्ता खोमान चंद्राकर सदस्यग सुनील बल्लु, हेमा साहू, कन्हैया साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्वच्छता ही सेवा है गंदगी मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन : शीबू नायर






पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर एवं भूपेंद्र वारडेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा वार्ड क्रमांक 1 राजहरा बाबा वार्ड में स्थित एस एल आर एम सेंटर में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सफाई मित्रों के बीच पहुंचे। एसएलआरएम केंद्र में महिला समूह के सफाई मित्रों द्वारा अनुपयोगी पदार्थ से उपयोगी अर्थात वेस्ट से बेस्ट थीम के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी का आयोजन मे सफाई महिला मित्रों ने सजावटी सामान का प्रदर्शन कर नवाचार का संदेश दिया एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर कार्यक्रम में सफाई मित्रों का मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है गंदगी को मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए सफाई के प्रति ध्यान देने की बात कही। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना है,शहर को स्वच्छ रखने हमेशा लोगों को प्रेरित करते रहना है। इस कार्यक्रम में उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं महिला समूहों के सदस्य उपस्थित रहे।

## शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस एंव सम्मान समारोह का आयोजन





पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा द्वारा 55 वें राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एंव सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार ने की व संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्य म अधिकारी राजेश कुमार ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के वर्तमान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र छतवाल एवं पूर्व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राकेश द्विवेदी के साथ ही रमेश गुज्जर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। शुरुआत में अतिथियों और प्राध्यापकों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में स्थित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का पूजन एवं माल्यार्पण किया गया, इसके पश्चात रासेयो कक्ष में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श पुरुष स्वामी विवेकानंद के पूजन अर्चन से किया गया, स्वयसेवकों ने राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और प्राध्यापकों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के पश्चात विद्यार्थियों ने एनएसएस पर कविता प्रस्तुत की, फिर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति को संजोते हुए समूह व युगल नृत्य प्रस्तुत किया। कार्य म में सम्मान समारोह के अंतर्गत अतिथियों, प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के द्वारा वरिष्ठ स्वयंसेवकों को बी और सी प्रमाण पत्र, वितरित कर सम्मानित किया गया। स्वयंसेवकों ने एनएसएस का प्रतीक चिन्ह, स्वामी विवेकानंद, छत्तीसगढ़ की संस्कृति को उकेरते सुंदर रंगोली भी बनाई। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि किसी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का होना उसे विशेष बनाता है, युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की योजना का होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि ने पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों का महत्व बताया व एनएसएस हेतु जनभागीदारी द्वारा किसी भी तरह के सहयोग का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते इसके अंतर्गत वर्ष भर होनें वालीविभिन्न गतिविधियों जैसे स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जागरूकता रैली, समाज सेवा और सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में अपने विचार व्यक्त किए, इसके उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि समाज सेवा के माध्यम से छात्रों का व्यक्तित्व विकास करना हीं एनएसएस का प्रमुख उद्देश्य है।

## नगर पंचायत उतई के विकास कार्यो में विधायक कर रहे है भेदभाव : डिकेन्द्र हिरवानी

### भाजपा पार्षदों के वार्डो को दे रहे महत्व

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर पर विकास कार्यों में भेदभाव करने का आरोप लगाया है। प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि विधायक नगर पंचायत उतई के अधोसंरचना मद के राशि को अपने निधि की राशि बताकर भाजपा पार्षदों के वार्ड में दे दिया है। जबकि इस राशि का उपयोग नगर पंचायत के अध्यक्ष व पार्षद तय करते हैं। इस प्रकार विधायक विकास कार्यों में भेदभाव की नीति अपना रहे हैं। हिरवानी ने कहा कि विधायक पूरे विधानसभा के मुखिया होते है। उनके पास विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट होता है। बावजूद वह नगर पंचायत के अधोसंरचना मद पर मनमानी कर रहे है। उन्होंने बताया कि पूर्व में नगर के सभी 15 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के कार्य की स्वीकृति हुई थी। जिसे साय सरकार के बनते ही सभी को निरस्त कर दिया गया और उसके बाद 149.88 लाख के कार्य को 6 वार्डो में कार्य करने की सहमति अपने लेटरपेड पर लिखित में विधायक ललित चंद्राकर ने दी है। जिसमे उन्होंने वार्ड 1, 2,5,7,9 और मात्र वार्ड 15 को ही शामिल किया हैं। जहां अपने समर्थक पार्षदों को लाभ पहुचाने का कार्य किया गया है। बाकी के सभी वार्डो में उनके द्वारा भेदभाव किया गया है। उन्होंने विधायक से जवाब मांगा है कि क्या शेष वार्ड की जनता ने मतदान नही किया है जो आप उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है। हिरवानी व पीआईसी मेम्बर ने बताया कि विधायक के द्वारा जिन कार्यों को स्वीकृति कर अपना बताया जा रहा है वो कार्य पूर्व से ही स्वीकृत है। जिन्हे रद्द कर उनमें से छटनी कर अपने चहेते भाजपा पार्षदों के वार्डो को ही उनके द्वारा महत्व दिया गया है, जो नगर की जनता का अपमान हैं। कांग्रेस पार्षदों ने बताया की कार्यों की जानकारी जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी से माँगी गई तो उन्होंने कहा कि विधायक ने अपने लेटरपेड में अधोसंरचना मद से कराये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी है। जब नगर पंचायत अध्यक्ष को इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने सीएमओ से जानकारी ली। सीएमओ ने बताया कि इन कार्यों को विधायक स्वीकृत कराएँगे बोले हैं। कांग्रेस पार्षदों ने बताया की विधायक द्वारा उन्ही में से कुछ कार्यों को लिया गया हैं जिस काम को नगर पंचायत द्वारा पुरे 15 वार्डो मे कुल 73 कार्यों की लगभग 299.82 लाख की कार्यों का निविदा विधानसभा चुनाव पूर्व निकाली गई थी। कोई अतिरिक्त या नए कार्य को उनके द्वारा नही लिया गया है। चुकी सरकार बदलने के बाद उक्त सभी कार्यों को अपूर्ण मान कर निरस्त कर दिया गया था उन 73 कार्यों में ही विधायक द्वारा केवल भाजपा समर्थक पार्षद के वार्ड के कार्यों को अपने पत्र में शामिल किया गया है। नगर के विकास कार्यों का लिस्ट या तो उनके समर्थक पार्षद दिए हैं या सीएमओ ने दी है यह स्पष्ट नहीं है किंतु भेदभाव कर विधायक नगर की जनता को धोखा दे रहे है। उन्हें चाहिए की बिना किसी भेदभाव नगर के सभी वार्डो के कार्यों की जो पुरानी स्वीकृत सूची थी जिन्हे साय सरकार के आने के बाद निरस्त कर दिया गया था उसकी पुनः स्वीकृति करवाकर नगर के मतदाताओं का सम्मान करना चाहिए। कांग्रेस पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया है की नगर पंचायत के आगामी चुनाव में अध्यक्ष बनने सपना देख रहे कुछ भाजपा पार्षद या पूर्व पार्षद भी सिर्फ अपने वार्डो के कार्य सूची में शामिल कर स्वीकृत करवाए है ऐसे सपने देखने वालों का भी नगर के अन्य वार्डो से कोई मतलब नहीं हैं ऐसा प्रतीत होता है और ये नगर पंचायत अध्यक्ष बनने का ख्वाब देख रहे है जो केवल सिर्फ अपने ही वार्ड तक सिमित है और लालसा पाले नगर में घूम घूम कर जनता से चिकनी चुपड़ी बातें कर उन्हे अपने भ्रम जाल में फंसाने के कार्य में लग चुके है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है की एक वरिष्ठ वर्तमान पार्षद भी इस कांड में शामिल है जो अध्यक्ष बनने जोर लगा रहे हैं वो वर्तमान स्वीकृत कार्य को वाट्सअप के माध्यम से प्रचारित कर रहे है और यह बताने का प्रयास कर रहे है की उनकी मांग अथवा सहमति से इस कार्य को विधायक द्वारा स्वीकृति दिलाई गई है। जबकि अभी बजट स्वीकृति नहीं हुई हैं। कांग्रेस के पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया है की विधायक सीएमओ पर दबाव बनाकर पीआईसी को बिना विश्वास में लिए उक्त कार्यो को करवाना चाहते है जो नगर पंचायत नियमों के विपरित है तथा ऐसा कर विधायक नियमों का स्वयं ही उल्लंघन कर रहे है। प्रेसवार्ता में पीआईसी सदस्य तोषण साहू, प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, सुरता सिंह गढ़े मौजूद थे।

# तहसीलदार और रेत माफिया के बीच दामन चोली का साथ दे रखा है खुली छूट, हसदेव दिन रात हो रही छल्ली

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




जिले के बम्हनीडीह तहसीलदार और रेत माफियाओं के बीच इन काफी चर्चा चल रही है रेत माफिया से मिली जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह तहसीलदार ने बम्हनीडीह के सभी रेत माफियाओं को 26, 27 सितंबर की देर साम अपने कार्यालय बुला कर उनके साथ अवैध रेत उत्खनन को लेकर काफी देर तक चर्चा की और रेत माफिया को कहा की सिकायत मत आने देना बाकी खुले आम रेत उत्खनन करने की तर्ज कर चर्चा चली है आप को बता दे की पुछेली में बम्हनीडीह तहसीलदार के देख रेख में माफिया राज चल रहा है बताया जा रहा है कि बम्हनीडीह तहसीलदार के पास कोई अवैध उत्खनन को लेकर शिकायत कर्ता है तो तहसीलदार सीधे रेत माफियाओ को फोन कर सतर्क कर देते हैं और पटवारीयो को भेज कर मौके से जाने के लिए कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं ताकी रेत माफियाओ और उनके बीच जो दामन चोली का साथ है वह टूटने न पाये।

**चौबीस घंटे हसदेव हो रही छल्ली जिम्मेदारी अधिकारी ले रहे लिफाफा-** पुछेली में इन दीनो रेत माफियाओ का कारोबार इतना बढ़ा है की वह बम्हनीडीह के राजस्व और खनिज सहित जिले में बैठे हर अधिक को हर महीने मोटा लिफाफा देकर मैनेज कर रात दिन रेत निकाल कर बिलासपुर कोरबा में सप्लाई कर रहे हैं जिस पर रोक लगाने की हिम्मत प्रसाशन तक नहीं कर पा रहे हैं पिपरदा के ग्रामीणो ने बताया की बम्हनीडीह तहसीलदार मंगलवार को पुछेली रेत माफिया पर कार्रवाई करने गये थे जहां तहसीलदार और उनकी टीम में दो ट्रैक्टर को रेत निकाल कर परिवहन करते रंगे हाथों पकड़ा था पर दोनों ट्रैक्टर के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिससे आप खुद ही अंदाजा लगा सकते हैं कि किस तरह से बम्हनीडीह तहसीलदार रेत माफियाओं पर कार्रवाई कर रहे हैं।

**जिला प्रशासन का रेत माफियाओ को खुली छूट देने का आखिर क्या है मकसद** -जिस तरह से पुछेली पिपरदा सोठी के रेत घाटों से रेत का उत्खनन किया जा रहा है और उस पर कोई कार्रवाई नहीं करने से प्रसाशनिक अधिकारीयो के उपर एक प्रश्न चिन्ह लग रहा है तभी तो रंगे हाथ पकड़ा गया दो दो ट्रैक्टर को बम्हनीडीह तहसीलदार साहब मौके पर ही छोड़ रहे हैं चलता हो गये है जिससे रेत माफियाओं के हौसले सातों आसान छू रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि बम्हनीडीह तहसीलदार से शिकायत किया गया था कि पुछेली में हसदेव नदी पर जेसीबी व ट्रैक्टर से रेत निकाला जा रहा है जिस पर बम्हनीडीह तहसीलदार और उनकी टीम पुछेली गई थी जहां दो ट्रैक्टर को रेत परिवहन करते रंगे हाथों तहसीलदार पकड़े थे जिसे थोड़ी देर बाद दोनों ट्रैक्टर को तहसीलदार के द्वारा मौके पर ही छोड़ दिया था।

### बम्हनीडीह तहसीलदार उमाकांत जायसवाल से सीधी बात

**सवाल-**सर एक जानकारी मिली है रेत माफिया के तरफ से मुझे

**जवाब-**आप उन्ही से पुछिए

**सवाल** -ओ तो बता रहे हैं की 26 तारीख को मीटिंग बुलाया गया था

**जवाब-** जिनकी शिकायत मिल रही थी उनको बुलाया गया था चर्चा के लिए मैं बोला की कार्रवाई करेंगे अगर शिकायत आया तो।

**सवाल-**रात को मीटिंग हुई थी क्या

**जवाब-**साम को आये थे आप देख लीजिए उनका वर्जन छाप दीजिए मैं उनके बारे ने नही बोलूंगा कुछ।

**सवाल-**और कहां गया कि अगर आगे शिकायत मिले तो आपके ऊपर कारवाई की जाएगी और को समझाइए दिया गया है और कार्रवाई लगातार कर ही रहे हैं

**सवाल-**आप कल पुछेली गये थे दो ट्रैक्टर आप पकड़े थे।

**जवाब** -कलेक्टर साहब आ रहे थे तो एसडीएम साहब बुला लिये तो इस लिए आ गया।

# जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट स्कूल, जैजैपुर में स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com




भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्राचार्य विजय कुमार यादव के कुशल मार्गदर्शन में आज स्वच्छता शपथ के साथ समापन किया गया। यह अभियान भारत सरकार के स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। एसएचएस 2024 की थीम "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" में देश के सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी का समावेश है। इस अभियान के तीन प्रमुख स्तंभ हैं- श्रमदान के जरिए संपूर्ण स्वच्छता - इसका उद्देश्य श्रमदान गतिविधियों के जरिए विशिष्ट लक्ष्य इकाइयों में परिवर्तन और समग्र स्वच्छता सुनिश्चित करना है। स्वच्छता की भागीदारी - यह विभिन्न भागीदारी गतिविधियों के जरिए स्वच्छता से जुड़े प्रयासों के बारे में जागरूकता एवं हिमायत के माध्यम से सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। सफाई मित्र सुरक्षा शिविरः इसके तहत सफाई मित्रों को सम्मानित एवं लाभान्वित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का प्रावधान है। शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ से संबद्धता राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट स्कूल, जैजैपुर के स्वयं सेवकों द्वारा नगर पंचायत जैजैपुर में रैली निकालकर स्वच्छता के संबंध में लोगों को जागरूक किया। उसके पश्चात विद्यालय परिसर का साफ सफाई किया गया। नगर पंचायत जैजैपुर कार्यालय एवं विद्यालय प्रांगण में सामूहिक स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक जी.एस.चन्द्रा, प्राचार्या इंग्लिश मीडियम निशा चन्द्रा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रीमारानी पलांगे, रासेयो सहायक कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार नारंग एवं शंकर लाल यादव, गायत्री यादव, सुदाम बेहेरा, मनोज कुमार दिव्या, मनबोध कुशल, बबिता गोस्वामी, रामेश्वर प्रसाद धीवर, सागर चन्द्रा, मनेन्द्र कुमार चन्द्रा, अश्वनी चन्द्रा, प्रकाश दास, रासेयो के स्वयं सेवकों एवं विद्यालय के समस्त छात्र/ छात्राओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# जशपुर विधायक रायमुनी ने दिलाई 370 लोगों को भाजपा की सदस्यता

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विधायक रायमुनी भगत ने सदस्यता अभियान में तेजी लाते हुए 370 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई है।सन्ना क्षेत्र के एकम्बा,मरंगी और डूमरकोना में भाजपा के रीति नीति से ग्रामीणों को अवगत करा सदस्यता अभियान में गति विधायक ने दिलाई है।

ज्ञात हो कि इस वक्त भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है, जिसमें जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने जमकर हिस्सा लेते हुए सन्ना क्षेत्र में 370 लोगों की भाजपा की सदस्यता दिलाई है।सन्ना क्षेत्र के एकम्बा,मरंगी और डूमरकोना में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुवे विधायक भगत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है,यहां कार्यकर्ताओं को उनके कार्यो के अनुसार उचित स्थान दिया जाता है। भगत ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी की एक छोटी सी कार्यकर्ता हूं लेकिन मेरे कार्यो के अनुसार पार्टी ने मुझे विधायक बनने का मौका दिया है, इसी प्रकार अन्य लोगों को भी उनके कार्यो और जनाधार के आधार पर सांसद,जिला पंचायत अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित पार्टी के अन्य पदों पर आसीन किया गया है।भारतीय जनता पार्टी ने यहां के कार्यकर्ताओं को मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक का मौका दिया है।आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी हमारे जिले से ही भारतीय जनता पार्टी के ही कार्यकर्ता हैं वहीं इससे पूर्व भी कई मंत्री यहां से बने वह भी भाजपा के ही कार्यकर्ता रहे।इस दौरान मंगल भगत, नसरुल्लाह सिद्दीकी, काजल राय, बलवंत गुप्ता, अमृत बुनकर,राम खेलावन यादव, प्रिंसिपल भगत, आनंद यादव सहित अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिले के 1500 शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 1 अक्टूबर को शक्ति जिले के 1500 शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई गई, यह कार्यक्रम शक्ति जिले के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के दिशा निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, तथा उपरोक्त कार्यक्रम को लेकर जहां स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी जिलों में पत्र जारी किया गया था। जिसमें बताया गया कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी को श्रद्धांजली के रूप में प्रतिवर्ष दिनांक 02 अक्टूबर को 'स्वच्छ भारत दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इसके प्रस्तावना स्वरूप सम्पूर्ण राष्ट्र में स्वच्छ भारत के संदेश को प्रसारित करने एवं स्वच्छता के विषय पर व्यापक जनभागीदारी के दृष्टव्य प्रतिवर्ष स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाता रहा है, हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया है।

**अभियान का मुख्य उद्देश्य-** अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के सक्रिय सहयोग से सफाई अभियान का आयोजन, ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन उपरान्त निराकरण तथा सफाई कार्य में नियोजित सफाई मित्रों के योगदान की सराहना एवं उनके स्वास्थ्य लाभ की व्यवस्था करना है, अभियान हेतु जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन किये जा रहे प्रमुख 03 स्तंभ निम्नानुसार हैं-

**स्वच्छता मे जनभागीदारी**-इस घटक अन्तर्गत सफाई एवं स्वच्छता हेतु व्यापक स्तर पर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से नागरिकों, विद्यार्थियों, स्काउट गाईड/ एनसीसी/ एनएसएस के प्रतिभागियों, महाविद्यालयीन छात्र, सामाजिक संस्थानों एवं विभिन्न संगठनों को सम्मिलित करते हुए स्वच्छता के विषय पर विभिन्न गतिविधियों, प्रतिज्ञाओं, प्रतियोगिताएँ, वृक्षारोपण कार्यक्रम, वॉकथॉन, साईक्लॉथॉन, क्लीन स्ट्रीट फूड चैलेंज, वेस्ट टू आर्ट, स्वच्छ भारत कल्चरर फेस्ट इत्यादि जैसे 7500 कार्यक्रमों का आयोजन

**श्रमदान से सम्पूर्ण स्वच्छता** -शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उपेक्षित गंदे स्थलों का चिन्हांकन कर ऐसे स्थलों को स्वच्छता लक्षित इकाई के रूप में चिन्हित कर ऐसे लगभग 1400 स्थलों को अभियान अवधि अन्तर्गत स्वच्छ किया जा रहा है।

**सफाई मित्र स्वच्छता शिविर**-प्रदेश में सफाई के क्षेत्रों में नियोजित हमारे सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की देखभाल एवं केन्द्र तथा राज्य शासन की हितग्राही मूलक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने हेतु 250 से अधिक एकल खिड़की स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, इस कड़ी में यह तथ्य विशेष रूप से आपके संज्ञान में लाना चाहूँगा कि, स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के विषय में व्यापक जागरूकता लाने हेतु राज्य के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उपरोक्त दिशा-निर्देशों एवं कार्यक्रमों के परिपालन में शक्ति जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर, 2024 को महा अभियान का अंतिम पड़ाव में जिले में अध्ययनरत् करीब 1500 शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के समस्त विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को एक साथ स्वच्छता शपथ ग्रहण कराते हुए स्वच्छता के विषय पर व्यापक जागरूकता का संदेश दिया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर मे स्वच्छता अभियान बी एम ओ ने किया सफाई



पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर उमाशंकर साहू, मक्रांत बंजारे, शत्रुघ्न केवट एव पिल्लू चंद्रा ने स्वास्थ्य केंद्र परिषर मे झाड़ू लगाकर सफाई किया वहीं पर हमेशा ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर उमाशंकर साहू के द्वारा सतत निगरानी स्वच्छता पर किया जाता रहा इसी कड़ी में महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चलाया गया। डॉक्टर उमाशंकर साहू स्वच्छता के साथ में मरीजों पर भी काफी नजर रखते हैं और कोई भी मरीज को निराश होकर स्वास्थ्य केंद्र से जाने नहीं देते हर परेशानी के उपरांत भी रात दिन एक मेहनत करते हुए नजर आते हैं। ऐसा होना चाहिए स्वास्थ्य अधिकारी को अपने कर्तव्य परायण पर नौछावर।

# अग्रवाल समाज की अग्रसेन जयंती शोभायात्रा होगी ऐतिहासिक

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com






शहर में 3 अक्टूबर की दोपहर 3:00 से श्री कमला हरी एवेन्यू स्टेशन रोड से निकलने वाली अग्रवाल समाज की अग्रसेन जयंती के पावन पर्व पर शोभा यात्रा एक ऐतिहासिक होगी, यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कमला हरी वेन्यू में दिनेश अग्रवाल एवं समाज सेविका अरुणा अग्रवाल द्वारा आगंतुक सभी अग्र बंधुओ का जहां स्वल्पाहार एवं जलपान के माध्यम से स्वागत किया जाएगा,तो वहीं इस यात्रा में जहां देश के केरल राज्य सहित विभिन्न राज्यों से आकर्षक झांकियां इस शोभा यात्रा का प्रमुख आकर्षण होगी तो वही अग्रवाल समाज की इस शोभा यात्रा का शक्ति शहर के प्रतिष्ठित देवांगन समाज, प्रतिष्ठित मुस्लिम समाज, प्रतिष्ठित पूज्य सिंधी पंचायत एवं जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी की सांसद कमलेश जांगड़े भी स्वयं अपने कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित होकर इस शोभा यात्रा का स्वागत करेंगी तथा शोभा यात्रा को लेकर व्यापक रूप से अग्रवाल समाज द्वारा तैयारियां की गई है। एवं श्री अग्रवाल सभा शक्ति, श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति एवं अग्रवाल महिला मंडल द्वारा इस शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में पहल की गई है, इस दिन जहां दोपहर 2:00 बजे से शहर के अग्रवाल समाज के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे तो वही शोभा यात्रा के मार्ग में अग्रवाल समाज के बंधु अपने घरों के सामने दीप प्रज्वलित भी करेंगे साथ ही 3 अक्टूबर को जहां शोभा यात्रा के अग्रसेन चौक में पहुंचने पर बनारस के पंडितों द्वारा महा आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया है तो वहीं पूरे अग्रसेन चौक को भी आकर्षक साज-सज्जा की गई है एवं अग्रसेन चौक में भगवान श्री रामचंद्र जी, कुलदेवी महालक्ष्मी जी, भगवान अग्रसेन जी, माता सीता, लव कुश एवं अग्रवाल समाज के 18 गोत्रों का जीवंत दरबार स्थापित किया गया है, अग्रवाल समाज की इस शोभा यात्रा का जहां प्रतिष्ठित समाजो सहित व्यक्तिगत रूप से भी नागरिक बंधुओ द्वारा स्वागत किया जाएगा जिसमें प्रमुख रूप से शहर के गोपी होटल के संचालक गोपीचंद बत्रा एवं कमल बत्रा द्वारा भी स्वागत किया जाएगा साथ ही सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति में वृक्षारोपण कार्यक्रम, मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरण का कार्यक्रम, नवजीवन मुक बधिर स्कूल एवं दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय में भी बच्चों को खाद्यान्न सामग्रियों का भी वितरण किया जाएगा, साथ ही 3 अक्टूबर को अग्रवाल समाज के नवयुवकों द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी जो महाराज अग्रसेन जी की एकता एवं भाईचारा का संदेश देते हुए शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करेगी तथा शोभा यात्रा के शुभम ग्रीन्स में पहुंचने पर मुख्य समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के पुरस्कारों सहित अग्रवाल समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी एवं अग्रसेन जयंती समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ भरत गुप्ता रायपुर, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अविभाजित खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरधर गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवीका भगवती अग्रवाल कोरबा एवं छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित समाज सेवी उद्योगपति पवन अग्रवाल बिलासपुर होंगे तथा उपरोक्त कार्यक्रम को लेकर अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू के नेतृत्व में पूरी समिति एवं सभा के सभी पदाधिकारी सदस्य एवं अग्रवाल महिला मंडल के भी सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं. वहीं मुख्य समारोह के दौरान रात्रि अग्रभोज का भी आयोजन किया गया है साथ ही शक्ति शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर अग्रसेन जयंती पर्व को लेकर स्वागत द्वार एवं अग्रध्वज लगाए गए हैं, तथा अग्रवाल समाज के बंधु भी अपने-अपने घरों में अग्रध्वज लगाकर महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पर्व का स्वागत कर रहे हैं शक्ति शहर में अग्रवाल समाज का अग्रसेन जयंती का यह महापर्व पूरे 15 दिनों तक सफलतापूर्वक 3 अक्टूबर को संपन्न हो जाएगा एवं मुख्य समारोह के दौरान यहां अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की जाएगी तो वहीं प्रसाद वितरण भी किया जाएगा तथा इस वर्ष अग्रसेन जयंती के संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में शक्ति शहर तथा मालखरौदा के अग्रवाल समाज के बंधुओ का योगदान रहा एवं सभी ने बढ़-चढ़कर तन मन धन से सहयोग देकर पूरे कार्यक्रमों को सफल बनाया. श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति द्वारा 1 अक्टूबर की रात्रि शक्ति के शुभम ग्रीन्स में कौन बनेगा करोड़पति का कार्यक्रम सत्य विद्या ज्वेलर्स के प्रायोजक में संपन्न कराया गया, इस कार्यक्रम में जहां जूनियर अमिताभ बच्चन की उपस्थिति में 32 प्रतिभागियों ने हॉट सीट पर बैठकर इस केबीसी के गेम को खोला, तो यह पूरा कार्यक्रम श्याम सुंदर अग्रवाल के प्रभारी के रूप में संपन्न हुआ तथा इस कायक्रम को देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में अग्रवाल बंधु देर रात तक डटे रहे तथा केबीसी के ओरिजिनल सेट की तरह इस पूरे कार्यक्रम को स्वरूप प्रदान किया गया था एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम के प्रभारी श्यामसुंदर अग्रवाल, अग्रसेन जयंती समारोह समिति के सभी पदाधिकारी सदस्य अग्रवाल महिला मंडल एवं विशेष रूप से प्रतीक जिंदल का भी योगदान रहा कार्यक्रम के दौरान इसके प्रायोजक सत्य विद्या ज्वेलर्स परिवार के अरुण अग्रवाल, मीना अग्रवाल एवं शिव अग्रवाल को भी समिति की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया।साथ ही उनके सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया।

## 02 से 08 अक्टूबर तक मद्य निषेध दिवस का आयोजन

# नशा उन्मूलन रैली को विधायक रायमुनी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com






राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिला में 02 से 08 अक्टूबर तक मद्य निषेध दिवस का आयोजन जिला कलेक्टर, डॉ. रवि मितल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रथम दिवस जिला मुख्यालय में विशाल नशामुक्त रैली एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में नशा उन्मूलन रैली की निकाली गई विधायक जशपुर रायमुनी भगत द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के परिवेश में नशामुक्ति के लिए जन आन्दोलन आवश्यक है। इस कड़ी में भारत सरकार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान की शुरुआत किया गया हैं। जो नशाबंदी के लिए सार्थक पहल होगी। रैली में डिप्टी कलेक्टर ऋतुराज बिसेन, उप संचालक समाज कल्याण, तिलकेश भावे, बीईओ लक्ष्मण शर्मा, प्राचार्य रोशिला डुंगडुंग व्याख्याता डी डी स्वर्णकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता किया गया। विशाल नशामुक्त रैली रणजीता स्टेडियम से प्रारंभ हो कर नशामुक्त के पक्ष में गगनभेदी नारों साथ जयस्तभ होते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी मीडियम) में समाप्त किया गया। रैली के समापन के पश्चात विद्यालय के सभागार में नशामुक्त भारत अभियान विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के एनसीसी, एनएसएस एवं विभिन्न छात्रावास के कॉलेज स्तर के छात्र/छात्राओं को नशा के विरुद्ध समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा नशामुक्ति की शपथ भी दिलाया गया। सेमिनार में उप संचालक, समाज कल्याण द्वारा युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा गया कि नशापान समाज एवं देश के विकास के लिए सर्वाधिक बाधक तत्व है। नशापान से व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, सास्कृतिक, प्रतिष्ठा कम होती है तथा आये दिन सड़क दुर्घटनाएं चोरी हिंसा हत्या, व्यभिचार आदि अनेक अपराधों के पीछे नशा एक बहुत बड़ी वजह है। इससे कैंसर, पक्षाघात मिर्गी, अल्सर इत्यादि अमाध्य गम्भीर बीमारियों होती है। अतः हमें मद्यपान एवं धूम्रपान से दूर रहना चाहिए। तथा जनसामान्य को भी दूर रहने के लिए प्रेरित करना हैं। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर दिपचन्द्र कुजूर परिवीक्षा अधिकारी, वेदप्रकाश कुलदीप सहा अधीक्षक, अधीक्षक, अशोक यादव जिला योग समन्वयक, समाज कल्याण विभाग एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के समस्त उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विभाग एवं खेल युवा कल्याण विभाग विशेष योगदान रहा।

# कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया




पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

गांधी जयंती के अवसर पर कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल किस्पोटा के नेतृत्व में गम्हरिया स्थित गांधी प्रतिमा में पहुँच कर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया और संकल्प लिया की उनके दिखाए रास्ते पर चलेंगे उनके साथ ही गमहरिया के जनपद सदस्य अमित महतो नेता अनोज गुप्ता अभिनंदन खलखो वाल्टर कुजूर सरपंच सिहासन मिंज हेमंत चाँद ख़ान साथ में उपस्थित रहे।

# स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट की सफाई

## लोगो को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



देश प्रदेश में 17 सितम्बर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन के तहत ब्लॉक जिला प्रदेश स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसी तारतम्य में स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर, जिला पंचायत, पशुपालन विभाग कार्यालय, पीएचई विभाग, जल संसाधन विभाग, तहसील कार्यालय गरियाबंद, पीएमजीएसवाय कार्यालय, कृषि विभाग, सहकारिता, मछली पालन, जनपद कार्यालय, आरईएस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों सहित जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया कलेक्टर दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद में अधिकारी-कर्मचारियों सहित स्वच्छताकर्मियों ने भी एक घंटे तक साफ-सफाई किया। कलेक्टर अग्रवाल सहित अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर अर्पिता पाठक सहित अन्य शासकीय सेवकों ने हाथ में झाड़ू लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में फैले कूड़ा-करकटों को साफकर व्यवस्थित रूप से निष्पादित किया इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने मौके पर मौजूद कर्मियों को स्वच्छता ही सेवा शपथ दिलाया सभी ने स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहकर हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को प्रोत्साहित करने हेतु 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया था। प्रधानमंत्री के आव्हान और स्वच्छता अभियान से हम सभी को गली-चौराहे, मोहल्ले, स्कूल, कार्यालय, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरणा मिली स्वच्छता अभियान ने पूरे प्रदेश में जनआंदोलन का स्वरूप ले लिया है कलेक्टर ने कहा कि जिले को सुंदर एवं स्वच्छ बनाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। इस दौरान कलेक्टर सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने परिसर में स्थापित गांधी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रामसिंह सोरी, खाद्य अधिकारी सुधीर गुरू डीईओ ए.के. सारस्वत, सीएमओ संध्या वर्मा, अंत्यावसायी सीईओ रश्मि गुप्ता सहित पालिका क्षेत्र के स्वच्छताकर्मी मौजूद रहे।

# गरीब परिवार की बेटी टीनू ने बेमेतरा का किया नाम रौशन, मुख्यमंत्री ने किया सम्मान



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद विद्यालय की बारहवीं कक्षा की छात्रा कुमारी टीनू श्रीवास ने कला संकाय में 91% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ शासन के विस्तार न्यूज शिक्षा सम्मान में छत्तीसगढ़ के दुर्ग संभाग टॉपर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा कु टीनू श्रीवास्तव को रायपुर में 28 सितम्बर 2024 को सील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मुझे भी इस होनहार बेटी के घर जाकर बधाई शुभकामनाएं देने का अवसर मिला। पूरे परिवार वालो का खुशी का ठिकाना नही है, जब उनके माता पिता बड़ी बहन किरण ने बताया कि जब सुबह 7 बजे छत्तीसगढ़ शासन की कार टीनू को रायपुर ले जाकर सम्मेलन में मुख्यमंत्री के हांथो सम्मानित होने के लिए घर आये हम सभी कार में रायपुर गये। वहाँ हमारा मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के हाथो सम्मान भी हुआ और साथ मे भोजन किया फिर वापस कार से बेमेतरा छोड़े। मुझे भी हमारे विष्णुदेव सरकार पर गर्व है कि वे उनकी सरकार हमारे शहर की मेधावी होनहार बच्ची का मनोबल बढ़ाये। उनको उनके परिवार को सम्मान दीये माता पिता भी गरीब हैं। माता कीर्ति दूसरों के घरों में काम करके अपनी बेटियों को पढाई लिखाई कराती है और घर भी चलाती है।

# सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने देश के आजादी तथा 1947 से अब तक शहीदों व ज्ञात अज्ञात महिलाओं को दिया तर्पण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सर्व ब्राह्मण समाज ने महादेव घाट में पितृ तर्पण किया। देश के आजादी के लिए तथा 1947 से लेकर देश भर में आतंकी और नक्सली हमले में शहीद अफसर व जवानों के नाम से अनुष्ठान किए गए। वैसे तो सर्व ब्राह्मण समाज 2008 से श्राद्ध करता आ रहा है, लेकिन 2019 से समाज की महिलाओं ने सारे अनुष्ठान संपन्न कराए। ब्राह्मण समाज के प्रदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के मार्गदर्शन में बुधवार सुबह महादेव घाट परिक्षेत्र सर्व ब्राह्मण महिला मंच के पदाधिकारी महादेव घाट में इकट्ठी हुई। खारून नदी में शहीदों को जल अर्पण, तर्पण किया। इस दौरान देश व समाज के लिए शहीद ज्ञात अज्ञात महिलाओं तथा ऐसे दिवंगत लोग जिनके कोई नहीं है, के नाम से भी विविध अनुष्ठान किए गए। महिलाओं ने उन्हें चावल, तिल, गुड़, उड़द दाल आदि का अर्पण किया। इस दौरान पंडितों का दल भी मौजूद रहा, जिन्होंने मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक सारे अनुष्ठान संपन्न कराए। समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा का कहना है कि दुनिया भर में महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। अब भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां महिलाओं को समानता नहीं मिली है। इसी दिशा में प्रयास करते हुए 2019 से समाज की महिलाएं श्राद्ध कर रही है ताकि धार्मिक अनुष्ठानों में भी महिलाओं को समानता का पर्याप्त अधिकार मिल सके। कार्यक्रम में ललित मिश्रा, रत्ना शर्मा, शिखा शर्मा, सुधा शर्मा, ममता तिवारी, शारदा मिश्रा, शशि पांडे, अदिति शर्मा, गणेश शर्मा, नीतीश शुक्ला, गोपाल शर्मा, शिवम शर्मा सहित पदाधिकारी शामिल थे।

# एनटीपीसी सीपत ने गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता गांधी को किया नमन तथा स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई अभियान

पायनियर संवाददाता < सीपत
www.dailypioneer.com



एनटीपीसी सीपत में गांधी जयंती के अवसर पर गांधी जयंती समारोह का आयोजन किया गया तथा स्वच्छता ही सेवा के तहत वृहत पैमाने पर सफाई अभियान किया गया। टाउनशिप परिसर में आयोजित समारोह में परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय तथा अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक(प्रचालन व अनुरक्षण) ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित परियोजना के महाप्रबंधकगण, साधना पाण्डेय, अध्यक्षा तथा नम्रता शरण, उपाध्यक्षा संगवारी महिला समिति तथा अन्य सदस्य, विभागाध्यक्ष, बाल भारती पब्लिक स्कूल के बच्चे, प्रिंसिपल, संविदा श्रमिक तथा सभी सदस्यों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय ने अपने संबोधन में सभी से गांधी जी के आदर्शों पर चलने की अपील की तथा यह भी अनुरोध किया कि हम सभी अपने परिवेश को स्वच्छ रखते हुए गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई कर्मियों को संगवारी महिला समिति की ओर से अध्यक्षा साधना पाण्डेय तथा अन्य वरिष्ठ सदस्याओं ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। इसके पश्चात स्वच्छता ही सेवा के तहत सब्जी मंडी सीपत में वृहत पैमाने पर सफाई की गई। इस कार्य में सब्जी मंडी में आए व्यापारियों तथा दुकानदारों ने भी सब्जी मंडी परिसर की सफाई में अपना योगदान दिया तथा एनटीपीसी सीपत के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में बी आर रथ, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), राजीव सत्यकाम, महाप्रबंधक (एश टेक्नोलाजी), जयप्रकाश सत्यकाम, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन), शलभ निगम, प्रिंसिपल बीबीपीएस यूनियन व एशोसीएसन के प्रतिनिधि, सीआइएसएफ के जवान, एनटीपीसी के कर्मचारीगण, स्थानीय व्यापारीगण एवं बड़ी संख्या में आम जनता उपस्थित रहे।

# गांधी जयंती पर मंदिर सहित गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रमदान



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गांधी जयंती के अवसर पर श्री राम मंदिर माँ भद्रकाली मंदिर में गाँधी जी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने वार्ड 11 मे स्वच्छता महिला मित्र का शाल श्रीफल से सम्मान किया। उसके बाद घर घर पहुंचकर पार्षद नीतू कोठारी के पार्षद निधि से डस्ट बिन डोर डोर टू डोर वितरण किया गया। इस अभियान मे लोगो को अपना योगदान के लिए विजय सिन्हा घर घर पहुंचकर निवेदन आग्रह किया कि आप अपने घर के आस पास को स्वच्छ रखे साफ रखे। जिससे होने वाले बीमारी और गंदगी इन सब से बच सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के अनुरूप हम सभी अपने आस-पास स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा पखवाड़ा में भाग लें और स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के संकल्प को सफल बनाएं इस अवसर पर महिला मोर्चा कि जिला अध्यक्ष ललिता साहू राकेश मोहन शर्मा लक्ष्मी साहू रीना साहू सावित्री रजक नेमा दीदी ओमेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

# पंखाजूर, कांकेर के नक्सल प्रभावित इलाके में ट्रैक्टर दुर्घटना में घायल मजदूर के मददगार बनें महला कैंप के बीएसएफ जवान

पायनियर संवाददाता < पखांजुर
www.dailypioneer.com



अनिवार्य डयूटी की जिम्मेदारियों से एक कदम आगे बढाते हुए, नक्सल विरोधी अभियान में हमेशा तत्पर रहनें वाले प्रहरी बीएसएफ कैंप महला के जवानों ने पंखाजूर, कांकेर के अति नक्सल प्रभावित इलाके महला इलाके में ट्रैक्टर ट्रॉली के दुर्घटना में घायल मजदूर को प्राथमिक उपचार देकर, बीएसएफकी एम्बूलेंस के द्वारा सिविल अस्पताल, पंखाजूर में पहुंचाया गया। मंगलवार दोपहर लगभग 03 बजे ईंटों से भरा एक ट्रैक्टर ट्रॉली जिसकां नं.- सीजी-19, बीजी-6775 जो कि परतापुर से आंगनवाड़ी केन्द्र महला में ईंटों को उतारनें के लिए महला की ओर जा रहा था उसी समय महला और परतापुर के बीच मंदिर टेकरी के पास ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसमें एक नागरिक नाम-लच्छू वड्डे, उम्र 35 बर्ष, निवासी- ग्राम पटेलपारा, मटोली, परतापुर, कांकेर गंभीर रूप से घायल हो गये। उक्त घटना की सूचना जैसे ही महला कैंप के जवानों को लगी वो तुंरत घटनास्थल पर पहुंचो और घायल को प्राथमिक उपचार देकर आगे इलाज के लिए बीएसएफ की एम्बूलेंस से सिविल अस्पताल, पंखाजूर ले जाकर मानवता का परिचय को चरितार्थ किया। नक्सल विरोधी अभियान परिदृश्य में तैनात होने के दौरान ड्यूटी की अधिक व्यस्तता के बावजूद भी बल के जवानों की त्वरित कार्रवाई से घायल व्यक्ति की जान बच गई। ज्ञात हो कि पिछले एक महीने में 47 बटालियन बीएसएफ के जवानों द्वारा कोयलीबेडा परतापुर मार्ग पर कोई भी दुर्घटना होने पर बारमबार राहगीरों और ग्रामीणों की मदद की है। बीएसएफ के जवानों का यह कार्य निश्चित रूप से नागरिकों को बल के करीब लानें में मदद करेगा।

# नगर पालिका कुम्हारी में स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा सम्पन्न



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा की अवधारणा पर आधारित स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान पखवाड़ा समापन समारोह नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सभागार में आयोजित किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी प्रतिमा में पुष्पगुच्छ तथा माल्यार्पण कर किया गया। जिसमें पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू व पार्षद महेश सोनकर, विनोद बंजारे उपस्थित रहे। पूरे पंद्रह दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिदिन रोचक ढंग से स्वच्छता के प्रति आम जनों को जागरूक करने के साथ ही प्रेरित भी किया गया। इस पुनीत कार्य में नगर के विद्यालयीन छात्र छात्राओं शिक्षकों तथा जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय एवं स्वस्फूर्त भागीदारी देकर कार्यक्रम के उद्देश्य को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में राजकीय गीत के बाद उपस्थित सभी जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिनके बाद स्कूली बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीतों पर नृत्य व नाटक के माध्यम से स्वच्छता अपनाने व तन-मन से पालन करने का संदेश दिया गया। स्वच्छ भारत बनाने बच्चों ने 'हम सब का एक ही नारा देश को स्वच्छ बनाना' जैसे नारे दिए जिससे सदन गूंज उठा। सभा को सम्बोधित करते हुए नगरपालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि स्वच्छता घर से प्रारंभ होती है तब जाकर नगर, जिला, प्रदेश और राष्ट्र में स्वच्छता स्थापित होती है। उन्होंने छात्रों को समय के मूल्य का महत्व बताया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुते अहिंसा परमो धर्मा व जय जवान जय किसान के नारों को दोहराया। उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा समापन कार्यक्रम में आये हुए सभी नागरिकों को नगर को स्वच्छ रखना व सरकारी सम्पत्तियों को संरक्षित करने के अतिरिक्त सरोवरों को सहेजने का संकल्प दिलाया। पार्षद महेश सोनकर एवं राज महन्त ओंकार मार्कण्डेय ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी, परसदा शासकीय विद्यालय, कुगदा, स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय जंजगिरी, शासकीय विद्यालय रामपुर चोरहा, आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के 120 छात्र- छात्राओं के अतिरिक्त शिक्षक भी सम्मिलित हुए। नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा इन उत्साही युवाओं का सम्मान प्रमाणपत्र तथा पुरस्कार प्रदान कर किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने कार्यक्रम में सम्मिलित समस्त जनों को स्वच्छता के प्रति सजगता हेतु आह्वान करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को रोचक और ज्ञानवर्धक बनाते हुए शिक्षक मोहित कुमार शर्मा ने कुशलता पूर्वक सफल संचालन किया तथा समापन की घोषणा की।

# दुर्गा पंडालों में माँ दुर्गा की स्थापना, राजनगर चौक तिल्दा में भी विराजित होंगी माँ जगत जननी

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



आज से शक्ति की भक्ति में भक्तगण लीन रहेंगे, क्योंकि गुरुवार से माँ शेरावाली की आराधना का महापर्व कुंवार (शारदीय नवरात्रि) की शुरुआत हो रही है। पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोने कोने में माँ जगत जननी की सेवा आराधना में भक्त झूमते हुए नजर आएंगे। पूरे वर्ष में चार नवरात्र आती है। गुप्त नवरात्रि के बाद शारदीय नवरात्रि का महापर्व आती है जो आज से प्रारंभ हो रही है। आपको बताते चलें कि शारदीय नवरात्रि की उत्साह महीने भर से देखने को मिल रहा है माँ दुर्गा की स्थापना दुर्गा पंडालों में विधिवत मंत्रोपचार के साथ संपन्न होंगे जिसकी तैयारी लगभग जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के लवन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा के राजनगर चौक में किये जा रहे हैं। आयोजक समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कैवर्त ने बताया कि उनके यहां राजनगर चौक तिल्दा में विगत 24 वर्षो से माँ शेरावाली दुर्गा प्रतिमा की स्थापना मोहल्ले वासियों एवं गांव वालों के सहयोग से होते आ रहा है। इस वर्ष भी माँ दुर्गा की मूर्ति स्थापना 3 फरवरी को पूरे विधिवत मंत्रोपचार के साथ सम्पन्न होंगे जो विजय दशमी के अगले दिन विसर्जित होंगे। पूरे गॉव सहित मोहल्ले में उत्साह व भक्तिभाव का माहौल विसर्जन तक रहता है।सुबह एवं शाम की आरती में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

# ठेका श्रमिकों को कानून के मुताबिक नहीं मिल पा रहा पूरा हक और अधिकार : पुरुषोत्तम सिमैया

## ठेका श्रमिकों की बुनियादी मांगो को तत्काल हल करने की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्तर पर ठेका मजदूरों के शोषण के खिलाफ सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन( सीटू) के द्वारा तमाम उद्योगों में 30 सितम्बर को प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें ठेका श्रमिकों की बुनियादी मांगो को उठाते हुए इन्हें तत्काल हल करने की मांग की गई है। इसी तारतम्य में 30 सितंबर को लौह अयस्क खान समूह राजहरा में भी हिंदुस्तान स्टील एंप्लाइज यूनियन सीटू के नेतृत्व में खदान श्रमिकों ने, माइंस कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा अपनी मांगों पर आवाज बुलंद की। इस अवसर पर उपस्थित ठेका श्रमिकों को संबोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिमैया ने कहा कि आज देश के तमाम सरकारी एवं निजी उद्योगों में बड़े पैमाने पर ठेका मजदूरों द्वारा उत्पादन की जिम्मेदारी संभाली जा रही है,लेकिन इतने बड़े योगदान के बावजूद ठेका श्रमिकों को कानून के मुताबिक पूरा हक और अधिकार नहीं मिल पा रहा है। हालत यह हैं कि न्यूनतम तय मजदूरी जो कि अपर्याप्त है, वो भी उन्हें नहीं मिल पा रही है सुरक्षा के उचित व पुख्ता कोई साधन संयंत्र और खदानों में नहीं किए गए हैं जिसके कारण ठेका मजदूरों की दुर्घटनाएं भी बढ़ रही है। इसलिए सुरक्षा उपायों के साथ इनका दुर्घटना बीमा एक अनिवार्य आवश्यकता है। समय पर वेतन भुगतान, पूरा वेतन भुगतान सुनिश्चित करना प्रबंधन का काम है लेकिन प्रबंधन इस जिम्मेदारी से भागते हुए सब कुछ ठेकेदारों पर छोड़ रहा है। जिसके कारण पूरे देश में ठेका मजदूरों का शोषण तेजी के साथ बढ़ रहा है इन्हीं सब शोषणकारी नीतियों के खिलाफ सीटू मैदान में है। यूनियन के उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने कहा की ठेका मजदूर ठेका मजदूरों में अब बड़े पैमाने पर महिलाएं भी ठेका श्रमिक के रुप में कार्यरत है जिन्हें मानव अधिकार द्वारा तय सुविधा भी नहीं दी जा रही हैं, इसलिए इस्पात उद्योग में कार्यरत महिला ठेका श्रमिकों को भी मातृत्व अवकाश की नितांत आवश्यकता है, जिसे हर हाल में लागू किया जाना चाहिए, साथ ही समस्त ठेका श्रमिकों को नियमित कर्मियों की तरह समान काम का समान वेतन अवधारणा का पालन करते हुए नियमित कर्मचारियों के बराबर वेतन दिया जाना चाहिए। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि 1991 में लागू की गई वैश्वीकरण, उदारीकरण व निजीकरण की नीति के चलते मुनाफा कमाने की होड़ में देश के नौजवानों को सस्ता मजदूर बनाने की प्रक्रिया में ही ठेकाकरण व संविदाकरण का जन्म हुआ है। यह पूंजीवादी सरकारों और पूंजी पतियों के नापाक गठजोड़ का नतीजा है कि देश के पढ़े-लिखे नौजवानों को ठेका और संविदा की नौकरी के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ती है और यह नौकरी मिलने के बाद भी उन्हें परिवार सहित जीवन जीने योग्य वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। इस तरह सरकार की नीतियों की वजह से ही ठेका और संविदा कर्मियों का बड़े पैमाने पर शोषण हो रहा है। इसलिए ट्रेड यूनियनों की जिम्मेदारी है कि मानवीय जीवन के विकास को जीवन स्तर की गुणवत्ता के साथ जोड़ते हुए जायज मजदूरी जीने योग्य सुविधा बच्चों की परवरिश के लिए बुनियादी सुविधाओं की मांग सरकार और प्रबंधन से करें, और इसके लिए संघर्ष करें। इसी अवधारणा के तहत सीटू पूरे देश में संघर्षरत है। 30 सितम्बर के धरना प्रदर्शन में भी उद्योग स्तर पर ठेका श्रमिकों के बुनियादी मांगों को लेकर हम सड़क पर उतरे हैं। आगे भी इन मांगों पर चरणबद्ध आंदोलन होगा और उन तमाम आंदोलनों में दल्ली राजहरा के हिंदुस्तान स्टील एंप्लाइज यूनियन सीटू मजदूरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर संघर्ष में पूरी हिस्सेदारी करेगा। प्रदर्शन के माध्यम से हम सरकार और प्रबंधन को संदेश देना चाहते हैं कि देश और उद्योग में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु श्रमिकों की बुनियादी सुविधाएं वेतन भत्ते सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। अन्यथा देश का मजदूर वर्ग भी किसानों की तरह दिल्ली घेरने के लिए मजबूर हो जाएगा। ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे शोषण पर प्रबंधन को तत्काल रोक लगनी चाहिए और उन पर विधि सम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करना प्रबंधन का काम है। प्रबंधन से सिर्फ हम उनकी जिम्मेदारी पूरा करने का ही आग्रह कर रहे है। हम 15 सूत्रीय मांगे प्रबंधन को सौंप रहे हैं, जिसमें 26000 न्यूनतम वेतन, समान काम के लिए समान वेतन, स्थाई प्रवृत्ति के कामों में लगे ठेका श्रमिकों को नियमित करने, 180 रू नाइट शिफ्ट एलाउंस, महिलाओं को मातृत्व अवकाश, कम दर पर ठेका लेने पर प्रतिबंध लगाने, एवं महीने की 10 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने जैसी महत्वपूर्ण मांगे शामिल है। यदि समय रहते सरकार और प्रबंधन ने ठेका मजदूरों की हालत में सुधार करने की दिशा में सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो यह आंदोलन एक बड़ा रूप लेगा और देश के मजदूर भी अपनी बुनियादी मांगों को हासिल करने के लिए निर्णायक संघर्ष के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दरम्यान ही डायरेक्टर इंचार्ज भिलाई इस्पात संयंत्र को संबोधित ज्ञापन मुख्य महाप्रबंधक आई ओ सी राजहरा को सौंपा गया। तथा प्रबंधन से आग्रह किया गया कि उद्योग स्तर की जो मांगे हैं उन्हें गंभीरता से लेते हुए प्रबंधन तत्काल इन पर सकारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे ।

# बारदाना घोटाले के खुलासे से हड़कंप... करोड़ों के बारदाने के गड़बड़ी में प्रबंधकों और मिलर्स की मिलीभगत, अमानक बारदानों के भी पैसे वसूले

## एक महीने में आएगी जांच रिपोर्ट, समिति प्रबंधक रास्ता निकालने में जुटे

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव जिले में ढाई करोड़ के बारदाना घोटाले के खुलासे से समिति प्रबंधकों में हड़कंप की स्थिति है। पूरे प्रदेश में इस तरह के मामले सामने आने की आशंका है जिसमें सहकारी समितियों को करोड़ों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पंजीयक कार्यालय के लिए भी यह मामला सिरदर्द साबित हो सकता है। जो तथ्य सामने आ रहे हैं उसके मुताबिक इस घोटाले से मिलर्स को दूने फायदा मिला है। मार्कफेड से उन्होंने अमानक बारदानों के एवज में भी 25 रुपए वसूल लिए हैं। **पायनियर के** इस खुलासे के बाद अफसरों के भी कान खड़े हो गए हैं। मार्कफेड ने बारदानों की क्षतिपूर्ति की राशि समितियों को मिलने वाले कमीशन से पहले ही काट ली है। इसका असर समितियों के अंशधारी किसानों को मिलने वाले लाभांश पर पड़ रहा है। समितियों को होने वाले फायदे का जो हिस्सा किसानों तक पहुंचना चाहिए वह उन्हें नहीं मिल रहा है। कृषकों के हित के प्रतिकूल इस स्थिति को लेकर राज्य सरकार क्या रुख अख्तयार करेगी यह भी देखना होगा। राजनांदगांव जिले में सहकारी समितियों-उपार्जन केंद्रों में इस बड़ी गड़बड़ी पर सहकारिता उपायुक्त ने जांच बैठा दी है। 26 सितंबर को 59 समितियों की जांच के लिए एकमुश्त यह आदेश जारी किए गए हैं। जिले से करीब 9 लाख 34 हजार 721 बारदाने गायब हैं। इसमें छुरिया ब्लॉक की समितियों से 91 लाख 11 हजार 503, राजनांदगांव तहसील से 65 लाख 33 हजार 996, डोंगरगांव विकासखंड से 47 लाख 23 हजार 120 और डोंगरगढ़ ब्लॉक की समितियों से 44 लाख 24 हजार 638 रुपए के बारदाने मार्कफेड को नहीं लौटाए गए हैं। धान खरीदी की एजेंसी के तौर पर काम करने वाली सहकारी समितियों को मार्कफेड प्रति क्विंटल पर 32 रुपए का कमीशन देती है। जबकि बारदानों की कीमत लगभग 25 रुपए है वह भी मार्कफेड ही उपलब्ध करवाता है। बारदाना घोटाले से सीधे तौर पर समितियों को मिलने वाले कमीशन का नुकसान हो रहा है। इसके लिए सीधे तौर पर प्रबंधक जिम्मेदार हैं।


पायनियर
धान खरीदी शुरू होने से पहले समितियों से बारदाना गायब
59 समितियों के खिलाफ जांच के आदेश, मार्कफेड ने कमीशन के ढाई करोड़ काटे
राज्य में धान खरीदी के दौरान बारदाने के किल्लत की खबरें आती रही है सामने
राजनांदगांव में 65 लाख का कमीशन कटा
डोंगरगढ़ 44 लाख की गड़बड़ी
छुरिया में 91 लाख के बारदाने नहीं मिले
पायनियर लगातार

### मिलर्स और प्रबंधकों की सांठगांठ, अमानक बारदानों के भी पैसे वसूले

बारदाना घोटाले को लेकर अब जो जानकारी सामने आ रही है उसके मुताबिक पूरा खेल राईस मिलर्स और प्रबंधकों ने ही किया है। इसमें पंजीयक कार्यालय की भूमिका पर भी चर्चा होने लगी है। मिलिंग के लिए धान उठाने के बाद मार्कफेड को सीधे लौटाए गए बारदानों के अलावा मिलर्स द्वारा समितियों को लगभग 50 प्रतिशत बारदने लौटाए जाते हैं। समितियों को लौटाए जाने वाले बारदानों कटे-फटे और अमानक होते हैं। इसे लेकर प्रबंधक कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं और मिलर्स को इससे फायदा मिल रहा है। एक ओर तो मिलर्स समितियों से नए और मानक बारदाना हासिल कर रहे हैं। दूसरी ओर वे अमानक बारदानों के एवज में भी मार्कफेड से 25 रुपए ले रहे हैं।

### बारदाना के खेल में समितियां कंगाल

मिलर्स को दूने फायदे के खेल में प्रबंधकों की भी बड़ी भूमिका है। इस घोटाले का नुकसान सीधे समितियों की अर्थव्यवस्था और किसानों को मिलने वाले मुनाफे के हिस्से में हो रहा है। सोसायटियां धान खरीदी के कमीशन से हासिल रकम से ही चल रही हैं। इसे ही समितियों में वेतन, स्थापना सहित अन्य व्यय किए जाते हैं। लेकिन कमीशन में कटौती से समितियों की पूंजी लगातार घट रही है। हालात ऐसे हैं कि, कई समितियों में वेतन के भी लाले पड़े हुए हैं।

### धान खरीदी मॉड्यूल से अमानक का विकल्प हटाया, इससे मिलर्स को फायदा

प्रदेश में धान खरीदी की प्रक्रिया को सरल करने एनआईसी ने धान खरीदी मॉड्यूल साफ्टवेयर सालों पहले तैयार किया हुआ है। इस साफ्टवेयर में समिति प्रबंधकों को अमानक बोरों की जानकारी अपडेट करने के लिए अमानक का विकल्प मुहैया कराया गया था। राईस मिलर्स द्वारा लौटाए जाने वाले या दूसरे अमानक बोरों की जानकारी इस विकल्प में अपडेट की जाती थी। लेकिन वर्ष 2020-21 में इस साफ्टवेयर से अमानक का विकल्प ही हटा दिया गया। राईस मिलर्स को इसका भी बड़ा फायदा मिला। अब समितियों को राइस मिलर्स द्वारा लौटाए गए बारदानों को अमानक घोषित करने का कोई विकल्प नहीं मिल रहा है। हालांकि वे मिलर्स को बारदाने न लौटाकर अपने इस घोटाले में जिम्मेदार साबित हो रहे हैं।

# सेवा अभियान पखवाड़ा समाप्त, सम्मानित किए गए स्वच्छता दीदी-सफाई मित्र

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चले स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का समापन हुआ। कार्यक्रम के तहत महात्मा गांधी जी की जयंती पर स्वच्छता दिवस के रूप में स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों का सम्मान कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रियदर्शन भवन में आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष हीराभाई निषाद की अध्यक्षता में महात्मा गांधी के तेल चित्र में पुष्प माला एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। सम्मान कार्यक्रम में सीएमओ नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा विगत 10 वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियां का संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। नपं अध्यक्ष हीराभाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा के संबंध में थीम स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता के संबंध में बतलाया गया।

कार्यक्रम में सीएमओ द्वारा स्वच्छता की शपथ कराई गई, जिसमें सभी ने गंदगी ना करने और न गंदगी करने देने की शपथ ग्रहण की। एक्सिस बैंक द्वारा मैराथन दौड़ कराने में सहयोग के लिए स्वच्छता ही सेवा सम्मान अंतर्गत प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव हीरा भाई निषाद, सीएमओ विनम्र जेमा, पार्षद डीकेश साहू, रविंद्र मंडलोई समाजसेवी कैरियाटोला, पीआई यू रविंद्र साहू, एक्सिस बैंक के कर्मचारी, आत्मानंद स्कूल के शिक्षक गण, छात्र-छात्राएं स्वच्छता दीदी, सफाई मित्र एवं नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे को एनआईएस ने किया सम्मानित

## विशेषज्ञ व्याख्याता एवं खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पंजाब में मिला सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान (एन.आई.एस) पटियाला द्वारा विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे को बतौर विशेषज्ञ अतिथि व्याख्याता उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) कार्यों के सफल निष्पादन के लिए सम्मानित किया गया। मृणाल चौबे, जिन्होंने एन.आई.एस पटियाला से डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग में ए ग्रेड के साथ टॉप रैंक प्राप्त किया को इस विशेष अवसर पर आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के हॉकी विभाग के प्रमुख अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मृणाल चौबे की उपस्थिति से प्रशिक्षु कोचों को अत्यधिक लाभ होगा, क्योंकि उनके अंतरराष्ट्रीय अनुभव और उच्च-स्तरीय खेल समझ से उन्हें मार्गदर्शन मिलेगा। मृणाल चौबे ने इस अवसर पर अपनी सफलता की कहानी साझा की और भविष्य के कोचों और खिलाड़ियों को प्रेरित किया। उन्होंने खेल में समर्पण और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया और कहा कि ये गुण उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा में सहायक रहे हैं। अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा, खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर सीखने की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर एम.एस.सी. विभाग के उच्च अधिकारी मनीष सर ने भी मृणाल चौबे की उपस्थिति से आगामी कोचों और खिलाड़ियों के निकट भविष्य में लाभान्वित होने की बात कही।

# सांसद ने डोंगरगांव नगर में दिलाई भाजपा की सदस्यता

## सदस्यता हेतु नेताओं व कार्यकर्ताओं को किया प्रोत्साहित



पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

सांसद संतोष पाण्डेय का सोमवार को डोंगरगांव नगर आगमन हुआ। इस दरम्यान सांसद ने अपने रेफरल कोड से 2 लोगों को भाजपा की सदस्यता भी दिलाई। दरअसल सांसद पांडेय भाजपा के सदस्यता अभियान मोहला मानपुर चौकी जिला के प्रवास से लौटते समय नगर में सांसद प्रतिनिधि व पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता के प्रतिष्ठान में रुककर नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सांसद सँतोष पाण्डेय ने नगर में खोमराज देवांगन व पूनाराम देवांगन को अपने रेफरल कोड़ के माध्यम से भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर गुलशन हिरवानी, रमजान बडगुजर, सतीष पाण्डेय, अनिल टावरी, राजेन्द्र ठाकुर, आलोक श्रोती, विकास गुप्ता, सुयश गुप्ता, गोपीचंद नंदेश्वर सहित नगर के भाजपाईयों ने मुलाकात की। तत्पश्चात सांसद ने वरिष्ठ भाजपानेता डॉ नीरेंद्र साहू से भेंटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

# 1 नवंबर से हो सोसायटियों में धान खरीदी : मदन साहू

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा शासन किसान हितैषी होने का ढोंग कई बार कर चुकी है। हरुना धान पककर तैयार है। 30 अक्टूबर दिवाली के पहले बहुत से किसान अपनी शीघ्र पकने वाली फसल धान की फसल मिंजकर घरों में रखे रहेंगे। राज्य के भाजपा सरकार की चतुराई देखिए की उन्हें मालूम है कि किसान अपनी बहुत सारी फसल घर पर नहीं रख सकेंगे क्योंकि जगह का अभाव रहेगा चूहे और मवेशी परेशान करेंगे। बादल पानी का भी डर रहेगा। ऐसी स्थिति में हरुना धान ज्यादा बोने वाले किसानों को धान बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। साहू ने आगे कहा कि किसान दिवाली में नगद के लिए मंडी में धान बेचने मजबूर होंगे। क्योंकि उन्हें मजदूरों का पैसा देने कर्ज चुकाने आदि के लिए नगद राशि की जरूरत होगी और वह मंडी में धान बेचेंगे। 15 नवंबर तक हजारों क्विंटल धान मंडियों में बिक चुका होगा। इससे सरकार को बड़ा फायदा होगा। किसानों को घाटा होगा जो किसान माई धान बोए हैं। सेवा सहकारी समितियां में धान बेचने में आपाधापी होगी। किसानों की इन सब परेशानियों को देखते हुए किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू ने सरकार से धान खरीदी 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं गोवर्धन पूजा के दिन से आरंभ करने की मांग की है। ठीक साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि धान खरीदी की समाप्ति की तिथि भी 15 दिन आगे की जाए। क्योंकि इस साल छत्तीसगढ़ में विपुल उत्पादन की स्थिति दिख रही है साथ ही किसानों को भुगतान के लिए पैसों की व्यवस्था अग्रिम रूप से करने की सलाह दी है।

# सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों एवं विद्यार्थियों का सम्मान नगर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक संचालित विभिन्न गतिविधियों का गांधी जयंती पर समापन हुआ। इस मौके पर स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। समापन अवसर पर सम्मान समारोह में नपंअध्यक्ष हीरा निषाद विशेष तौर पर शामिल हुए। नगर के इंदिरा गांधी प्रियदर्शन भवन में आयोजित सम्मान समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष हीराभाई निषाद द्वारा महात्मा गांधी के तैल्यचित्र में पुष्प अर्पित कर प्रारंभ किया गया। सीएमओ नगर पंचायत द्वारा विगत 10 वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। हर घर शौचालय, ओडीएफ, ओडीएफ प्लस प्लस एवं डोर टू डोर कचरा संग्रहण, स्वच्छता रैंकिंग, नगर पंचायत को प्राप्त वन स्टार व थ्री स्टार रेटिंग की जानकारी दी गई। अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा स्वच्छता ही सेवा के संबंध में थीम स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता के संबंध में बताया गया। अध्यक्ष ने समस्त स्वच्छता दीदियों व स्वच्छता मित्रों को नगर को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत लोगों में स्वच्छता की भावना उत्पन्न करने के प्रयास की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दरम्यान सीएमओ द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता दीदी, सफाई मित्रों, स्वच्छता के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाले स्वच्छता दूतों, निबंध, रंगोली, कविता, नारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आत्मानंद स्कूल के छात्र छात्राओ को एवं एक्सिस बैंक द्वारा मैराथन दौड़ कराने में सहयोग के लिए स्वच्छता ही सेवा सम्मान अंतर्गत प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर सीएमओ विनम्र जेमा, पार्षद डीकेश साहू, रविंद्र मंडलोई, पीआईयू रविंद्र साहू, एक्सिस बैंक के कर्मचारी, आत्मानंद स्कूल के शिक्षक गण, छात्र छात्राएं स्वच्छता दीदी, सफाई मित्र एवं नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# राजनांदगांव में भाजपा सदस्यता अभियान का कीर्तिमान स्थापित करेगा : डॉ. रमन सिंह



पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से जारी सेवा स्वच्छता पखवाड़े का 02 अक्टूबर को गांधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर समापन हुआ। इसके पूर्व जिलेभर में जोरदार स्वच्छता अभियान चलाया गया। लखोली स्थित दुर्गा चौक में भी स्वच्छता पखवाड़े के समापन का कार्यक्रम आयोजित हुआ, वार्ड नं. 36 के बूथ नं. 62 में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुये छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री का देश की आजादी में अतुलनीय योगदान है। डॉ. रमन सिंह ने भाजपा द्वारा देशभर में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान का जिक्र करते हुये कहा कि हम सदस्यता को लेकर एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति में लगे हुये है। हमे इस बात का गर्व होना चाहिये कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक संस्था है, जिसके पास देश में सर्वाधिक सांसद-विधायक, मंत्री, पंच-सरपंच व पार्षदों की फौज है। पार्टी द्वारा जारी सदस्यता अभियान के लिये कार्यकर्ताओं से जुट जाने का आव्हान करते हुये कहा कि उन्हे राजनांदगांव विधानसभा में एक लाख दो हजार वोट मिले है और वह चाहते है कि इतने ही लोग भाजपा का सदस्य बनकर जिले व प्रदेश में नये कीर्तिमान स्थापित करें।

**नीचे से उपर मंदिर तक और चौक चौराहों में फिक्स पिकेट बल तैनात किया**

# 9 दिनों में 10 लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान... डोंगरगढ़ में पार्किंग के लिए दरें निर्धारित, सुरक्षा में 800 जवान तैनात

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




मां बम्लेश्वरी की नगरी में क्वांर नवरात्रि की तैयारियां पूरी कर ली गई है। यहां 9 दिनों में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के जुटने का अनुमान है। इतनी बड़ी भीड़ को व्यवस्थित रखने और सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन और पुलिस ने कई मोर्चों पर तैयारियां की है। अक्सर नवरात्र में पार्किंग को लेकर होने वाले विवाद से निपटने का रास्ता भी प्रशासन ने निकाला है। डोंगरगढ़ में निजी पार्किंग स्थलों में भी गाड़ियों से अनाप-शनाप वसूली पर नकेल कस दी गई है। प्रशासन ने ऐसी पार्किंग के लिए भी दरें निर्धारित कर दी हैं। वहीं मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर ट्रस्ट ने पुलिस से अपील की है कि पहले बड़ी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित निःशुल्क पार्किंग तक लोगों को आने दिया जाए। यहां जगह न होने पर ही उन्हें निजी पार्किंग की ओर डायवर्ट किया जाए। अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से यहां नवरात्र मेले के दौरान 800 जवानों का बल तैनात किया है। कई थाना प्रभारी और निरीक्षकों के साथ ही पुलिस अफसरों की ड्यूटी भी लगाई गई है। मेला ड्यूटी के दौरान यातायात व्यवस्था संभालने के लिए 300 का बल तैनात होगा। दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्थ में 20 चारपहिया वाहन पेट्रोलिंग, 15 मोटरसायकल पेट्रोलिंग पार्टी, 15 पैदल पेट्रोलिंग पार्टी भी मौजूद रहेगी। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मां बम्लेश्वरी मंदिर से नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण जिम्मा यातायात व्यवस्था का है। इसके लिए अगले 9 दिन तक अंजोरा बाईपास से डोंगरगढ़ मेला स्थल तक ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्था पुलिस संभालेगी। डोंगरगढ़ में यात्रियों के लिए 10 जगह पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यहां कंट्रोल रुम भी बनाए गए हैं। ऊपर मंदिर गर्भगृह, रोपवे नीचे एवं ऊपर, ऊपर मंदिर से नीचे तक सीढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। गोताखोर पार्टी, बुढादेव मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ क्षीरपानी में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।

# हाई स्कूल के उन्नयन की मांग रखी



पायनियर संवाददाता ✓ छुरिया
www.dailypioneer.com

छुरिया विकासखंड के ग्राम मोरकुटुंब में युवा खेल मंडल द्वारा आयोजित एक दिवसीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अतिथियों का ग्रामीणों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव, मंडल अध्यक्ष अजय पटेल, संजय कुमार सिन्हा मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि कबड्डी प्राचीन खेलों में से एक है। इस खेल से व्यक्ति का तन, मन का विकास संभव है। आज इस खेल को लोग पहले से भी अधिक खेलने लगे है और काफी लोकप्रिय खेलों में प्रसिद्ध है। इस कार्यक्रम हाई स्कूल के जन भागीदारी समिति अध्यक्ष ने हाईस्कूल भवन बनाने की मांग रखी। इस पर यादव ने अतिशीघ्र उन्नयन के लिए प्रयास की बात कही। इस अवसर पर मायाराम साहू, आलोक मिश्रा, कांताराम साहू, हिरेंद्र साहू, राजेश्वर ध्रुवे, भूखन धनकर, रेखा कुंजाम सरपंच, हरदेव कतालम, सुरेश शोरी, गैंदलाल ओटी, सुंदर मंडावी सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।


छत्तीसगढ़ शासन
शक्ति के वंदन का माह
महतारी वंदन की राह
₹1000
खुशियों के नोटिफिकेशन का 8वां माह
महिलाओं को समर्पित होगा
हर पंचायत में बनने वाला
महतारी सदन
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय
से जुड़ने के लिए
QR CODE स्कैन करें
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
संवाद-41623/69
विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# नवरात्रि पर्व एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें...

## नवरात्रि के हर दिन का अलग होता है महत्व, जानिए






प्रथम दिन – मां शैलपुत्री

दूसरा दिन – मां ब्रह्मचारिणी

तीसरा दिन – मां चंद्रघंटा

चौथा दिन – मां कुष्मांडा

पांचवां दिन – मां स्कंदमाता

छठा दिन – मां कात्यायनी

सातवां दिन – मां कालरात्रि

आठवां दिन – मां महागौरी

नौवां दिन – मां सिद्धिदात्री













सीएमवाईके प्रिंटिक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403